विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण Sunday

वर्ष 72 अंक 319 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 17 अगस्त, 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### कोबे-जॉर्डन के कार्ड की नीलामी 52 करोड़ में




*कोबे ब्रायंट और माइकल जॉर्डन बास्केटबॉल के 2 सबसे दिग्गज खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा से न केवल अमेरिका, बल्कि दुनियाभर में नाम कमाया। रिटायरमेंट के बाद भी हर कोई जॉर्डन का नाम जानता है और उनकी प्रशंसा करता है। वहीं, कोबे के निधन के बाद भी वह लोगों के दिलों में जिंदा हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। अब इन दोनों महान खिलाड़ियों का एक बास्केटबॉल कार्ड नीलाम होने वाला है। इस कार्ड की नीलामी का आयोजन हेरिटेज ऑक्शन्स नामक नीलामीघर करवा रहा है। इसे 23 से 24 अगस्त के बीच समर प्लैटिनम नाईट स्पोर्ट्स ऑक्शन के तहत बेचा जाएगा।*

## संक्षिप्त खबरें

### 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर बवाल

**कोलकाता, जेएनएन।** फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का आधिकारिक ट्रेलर शनिवार को कोलकाता में लॉन्च होना था, लेकिन यह कार्यक्रम अचानक विवादों में घिर गया। आयोजकों ने दावा किया कि राजनीतिक दबाव और पुलिस हस्तक्षेप के चलते कार्यक्रम रुकवा दिया गया। मूल रूप से यह कार्यक्रम कोलकाता के एक फाइव-स्टार होटल में आयोजित होना था। लेकिन आयोजन से ठीक पहले दबावों की बात सामने आई और स्थान बदलकर ईएम बाइपास पर स्थित एक लक्जरी होटल में कर दिया गया। कार्यक्रम शुरू हुआ, तो स्थिति बिगड़ गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद फिल्म का ट्रेलर दिखाने की अनुमति नहीं मिली।

### उपराष्ट्रपति चुनाव: एनडीए प्रत्याशी की घोषणा 19 को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम तय करने के लिए भाजपा के संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार 17 अगस्त को होगी। वहीं एनडीए के संसदीय बोर्ड की मीटिंग 19 अगस्त को होगी। भाजपा संसदीय बोर्ड की मीटिंग में उम्मीदवार के नाम पर चर्चा होगी। वहीं एनडीए संसदीय बोर्ड की मीटिंग में उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, एनडीए का उम्मीदवार 21 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव का नामांकन भरेगा। एनडीए शासित राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम उम्मीदवार के नामांकन की प्रक्रिया में शामिल होंगे। पिछले हफ्ते एनडीए नेताओं की बैठक में उपराष्ट्रपति उम्मीदवार का नाम तय करने के लिए पीएम मोदी और भाजपा अध्यक्ष को अधिकृत किया गया था।

### एनसीईआरटी ने कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 के लिए तैयार किए दो नए मॉड्यूल

# विभाजन के लिए कांग्रेस दोषी


**नई दिल्ली, जेएनएन।** एनसीईआरटी ने कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 के लिए दो नए मॉड्यूल्स तैयार किए हैं। इनमें भारत-पाकिस्तान विभाजन की कहानी को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। आजादी के 78 साल यानी करीब आठ दशक बाद विभाजन के लिए साफ तौर पर कांग्रेस को दोषी ठहराया गया है। मॉड्यूल में विभाजन की मांग के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, इस मांग को स्वीकार करने के लिए कांग्रेस और इसे लागू करने के लिए लॉर्ड माउंटबेटन को दोषी ठहराया गया है। इसे नए मॉड्यूल को 'विभाजन के दोषी' नामक खंड में पेश किया गया है।

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस पर तीखी आपत्ति जताई है। कांग्रेस का कहना है कि असली जिम्मेदार हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की सांठगांठ थी, जबकि आरएसएस की भूमिका को नजरअंदाज करना इतिहास से छेड़छाड़ है। मॉड्यूल में यह भी बताया गया है कि विभाजन ने भारत की एकता को तोड़ा, पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह किया, सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया और जम्मू-कश्मीर को अस्थिरता की ओर धकेला, जो बाद में आतंकवाद की वजह बना। मॉड्यूल के अनुसार 1947 से 1950 के बीच हुए बंटवारे ने न केवल लाखों लोगों की जान ली, बल्कि विस्थापन और सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दिया। जम्मू-कश्मीर की सामाजिक और आर्थिक संरचना टूट गई, और यह संकट आगे चलकर आतंकवाद के रूप में और भयावह हो गया। गौरतलब है कि भाजपा विभाजन के लिए जिन्ना और माउंटबेटन को पहले से ही दोषी ठहराती रही है और कांग्रेस पर भी आरोप लगाती रही है।

## विपक्ष बोला- इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस

### कांग्रेस का पलटवार: इतिहास किया जा रहा तोड़-मरोड़कर पेश

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि बंटवारे का जिम्मेदार आरएसएस है, जिसने 25 साल तक 'मुखबंदी और जुगलबंदी' में समय बिताया। भाजपा और उसके संगठन इतिहास तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। आडवाणी स्वयं जिन्ना की मजार पर सजदा करने गए थे, और अब कांग्रेस को दोषी बताकर भाजपा अपनी विचारधारा को बचाने की कोशिश कर रही है।




### भाजपा का जवाबी हमला: जिन्ना और कांग्रेस दोनों जिम्मेदार

भाजपा ने प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि सच यह है कि 1947 में सत्ता में मुस्लिम लीग, कांग्रेस और माउंटबेटन थे। कोई बंटवारा रोक सकता था, तो वही ताकतें थीं। नेहरू स्वयं बंटवारे के पक्ष में बयान दे चुके थे। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जिन्ना और राहुल गांधी की सोच एक जैसी है। बंटवारा जिन्ना की सोच और सांप्रदायिक तुष्टिकरण के कारण हुआ।

### यह है नए मॉड्यूल में

इन स्पेशल मॉड्यूल्स में लिखा है कि विभाजन केवल राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि इसने भारतीय समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को गहरी चोट दी। इसमें कहा गया है:-

- विभाजन की मांग जिन्ना ने की।
- कांग्रेस ने इसे मान लिया।
- लॉर्ड माउंटबेटन ने इसे लागू किया।
- नेहरू के जुलाई 1947 के भाषण का हवाला भी दिया गया है। एनसीईआरटी ने लिखा है- नेहरू ने कहा, 'हमें या तो विभाजन स्वीकार करना होगा या फिर लगातार संघर्ष और अराजकता झेलनी होगी।'



" एनसीईआरटी भाजपा के कब्जे में है। जिन लोगों को बंटवारे के असली इतिहास का ज्ञान नहीं है, वे नई पीढ़ी को गुमराह कर रहे हैं।

■ **संदीप दीक्षित,** कांग्रेस नेता



" अगर इतिहास के पन्ने पलटकर देखेंगे तो सबके माफीनामे व असली घटनाएं सामने आ जाएंगी।

■ **अखिलेश यादव** सपा प्रमुख



" इतिहास संदर्भों से बनता है, किसी की सोच से नहीं। ये लोग गांधी को भी दोषी ठहराते हैं और कांग्रेस को निशाना बनाते हैं। भाजपा की राजनीति नफरत पर आधारित है, लेकिन अब देश में नफरत की खेती उगने वाली नहीं है।

■ **मनोज कुमार झा,** आरजेडी सांसद

### प्रस्तावना में मोदी का बयान भी शामिल

इन स्पेशल मॉड्यूल्स की प्रस्तावना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान भी जोड़ा गया है। स्वतंत्रता के पहले हुए विभाजन पर मोदी ने कहा था, 'बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लाखों लोग विस्थापित हुए और नासमझी तथा नफरत की हिंसा के कारण अनगिनत जानें गईं। इसी बलिदान की स्मृति में 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाएगा।'

### क्या है यह स्पेशल मॉड्यूल?

यह ध्यान देने योग्य है कि एनसीईआरटी के ये मॉड्यूल नियमित सिलेबस का हिस्सा नहीं होते। इन्हें सप्लीमेंट्री मटेरियल के रूप में तैयार किया जाता है, ताकि बच्चों को किसी विशेष विषय पर अलग से जानकारी दी जा सके। ये पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के जरिए पढ़ाए जाते हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी इसी तरह के स्पेशल मॉड्यूल में शामिल किया गया था।

# ट्रंप-पुतिन ने की तीन घंटे चर्चा, कोई समझौता नहीं

### सोमवार को जेलेंस्की से मिलेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति



**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अलास्का में तीन घंटे लंबी मुलाकात की, लेकिन इस बैठक का नतीजा किसी ठोस समझौते के रूप में सामने नहीं आया। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जो महज 12 मिनट चली। खास बात यह रही कि ट्रंप और पुतिन ने पत्रकारों के सवालों के जवाब नहीं दिए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही और इसे उन्होंने '10 में से 10 अंक' दिए। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि कोई अंतिम डील नहीं हुई है। ट्रंप ने दोहराया कि समझौता तभी संभव होगा जब सभी पक्ष, जिनमें यूक्रेन और यूरोपीय देश भी शामिल हैं, सहमत हों।

पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे अहम है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अगली मुलाकात मॉस्को में हो सकती है। पुतिन ने बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन युद्ध की मूल वजहों को खत्म किए बिना स्थायी शांति संभव नहीं है।

इधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर बताया कि उनकी ट्रंप से डेढ़ घंटे बातचीत हुई है। इस दौरान दोनों नेताओं ने पहले अकेले चर्चा की और फिर यूरोपीय नेताओं को शामिल किया। जेलेंस्की 18 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी जाकर ट्रंप से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है और वह अमेरिका के त्रिपक्षीय बैठक प्रस्ताव का समर्थन करता है।

### भारत को राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ट्रंप और पुतिन की बैठक से वैश्विक कूटनीति में नई संभावनाएं खुली हैं। इस मुलाकात का सबसे बड़ा असर भारत पर दिख सकता है, जिसे अमेरिकी दंडात्मक टैरिफ के खतरे का सामना करना पड़ रहा था। पुतिन से बातचीत के बाद ट्रंप ने संकेत दिए कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ का फैसला टल सकता है। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे करना पड़ा तो करूंगा, लेकिन शायद करने की जरूरत न पड़े। आज जो हुआ उसके कारण अभी मुझे इस पर सोचने की जरूरत नहीं है। हो सकता है 2-3 हफ्तों में सोचना पड़े।'

# वोटर लिस्ट रिवीजन व 'वोट चोरी' पर चुनाव आयोग आज देगा जवाब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों के लगातार विरोध के बीच निर्वाचन आयोग (ईसी) रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। अधिकारियों ने बताया है कि यह कॉन्फ्रेंस निर्वाचन आयोग पर लगे आरोपों से संबंधित है।




चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर चुनाव आयोग द्वारा औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करना असामान्य है। राहुल गांधी बार-बार चुनाव आयोग पर मतदाता डेटा में हेरफेर करने का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा में 'वोट चोरी' हुई है। आयोग ने कांग्रेस नेता से उन लोगों के नाम प्रस्तुत करने को कहा है, जिनके बारे में उनका दावा है कि उन्हें मतदाता सूची में गलत तरीके से जोड़ा गया या हटाया गया है। साथ ही एक हस्ताक्षरित घोषणापत्र भी प्रस्तुत करने को कहा है।

इधर, बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के निर्वाचन आयोग के कदम को लेकर भी विपक्षी दल सवाल उठ रहे हैं। विपक्षी दलों का दावा है कि इस कदम से करोड़ों पात्र नागरिक कागजों के अभाव में मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी बिहार में मतदाता सूची में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण, उन्हें शामिल न करने के कारणों सहित, प्रकाशित करने को कहा है।

## जनहित याचिका: पारदर्शी सीएजी नियुक्ति की मांग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल की गई है। यह याचिका सामाजिक संगठन 'लोकप्रहरी' ने दायर की है। इसमें के संजय मूर्ति की सीएजी नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए पारदर्शी और राजनीतिक रूप से निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान में सीएजी की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सिफारिश पर होती है और राष्ट्रपति औपचारिक रूप से नियुक्त करते हैं। यह प्रक्रिया न तो पारदर्शी है और न ही निष्पक्ष मानी जा सकती है। यह व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है और संविधान सभा की मूल भावना से भी भटकती है। आग्रह किया है कि सूचना आयोग और केंद्रीय सतर्कता आयोग की तरह सीएजी के लिए स्वतंत्र चयन समिति बनाई जाए।

### मुख्यमंत्री ने अफसरों की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की घोषणा

# 30 साल बाद गठित होगा पुलिस भर्ती बोर्ड

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में पुलिस आरक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर तक की भर्ती अब खुद करेगी। प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस के अफसरों की मौजूदगी में इसकी घोषणा की। यह भर्ती प्रक्रिया 30 साल बाद पुलिस के पास आई है। सरकार ने यह भी तय किया है कि आगामी तीन साल में हर साल 7500 पदों पर भर्तियां होंगी। इससे सभी रिक्त 20 हजार पद भरे जाएंगे। आने वाले समय में पुलिस बोर्ड का गठन होने के बाद नियुक्तियां पुलिस विभाग खुद करेगा। इसके लिए कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) की जरूरत नहीं होगी। फिलहाल सीधी भर्ती के डीएसपी एवं ऊपर स्तर के पदों के लिए राज्य सेवा आयोग और यूपीएससी के जरिए चयन होता है, जबकि आरक्षक से सब इंस्पेक्टर तक के पद की भर्ती कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षाओं से होती है।



पीएचक्यू ने पिछले साल ही पुलिस भर्ती बोर्ड को लेकर तैयारी पूरी कर ली थी। तत्कालीन एडीजी चयन एवं भर्ती संजीव शमी ने इसका ड्राफ्ट शासन को भेजा था। इसमें कॉन्स्टेबल से सब इंस्पेक्टर तक के पदों की भर्ती के लिए नियम-प्रक्रिया और पाठ्यक्रम के साथ जिला और राज्य स्तर पर बनने वाली कमेटियों की भूमिका भी तय थी।

### ट्रेनिंग क्षमता सीमित

- **1.6 लाख** पुलिसकर्मी कार्यरत हैं प्रदेश में इस समय
- **1,25,489** है स्वीकृत पदों की संख्या
- **1500** के करीब पुलिसकर्मी रिटायर होते हैं हर साल
- **9 माह** का प्रशिक्षण अनिवार्य है हर पुलिसकर्मी को नौकरी से पहले
- **7850** है प्रदेश के सभी 10 ट्रेनिंग स्कूलों की कुल क्षमता
- **7,500** से अधिक भर्तियां नहीं हो सकती एक बार में ट्रेनिंग क्षमता सीमित होने के कारण

### भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद दी थी व्यापमं को जिम्मेदारी

प्रदेश में पुलिस आरक्षकों से लेकर सब इंस्पेक्टर तक की भर्ती पहले पुलिस महकमा खुद करता था। तीन दशक पहले भर्ती में भ्रष्टाचार की शिकायतें आने पर यह काम तत्कालीन व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) को सौंपा था। व्यापमं में भी लगातार अनियमितताएं उजागर हुईं तो नाम बदलकर कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) कर दिया। इस दौरान भी लगातार पुलिस भर्तियों में घोटाले उजागर हुए। हाल ही में आरक्षक भर्ती में गड़बड़ी उजागर हुई, तो कमान पुलिस परीक्षा बोर्ड को सौंपने को मंजूरी दी है।

### 2 मांओं पर 3 बेटियों की हत्या के आरोप

# उज्जैन में विक्षिप्त मां ने की दो मासूमों की हत्या

**जागरण, उज्जैन/ इंदौर।** प्रदेश के दो शहरों में तीन मासूम बेटियों के हत्या के मामले सामने आए हैं। हैरत की बात यह है कि हत्या का आरोप बेटियों की मां पर ही है। पहला मामला उज्जैन के महिदपुर का है। यहां पूजा पति अशोक बंजारा ने अपनी चार साल की बेटी उमा और आठ महीने की अनिष्का की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे की है, जब पूजा घर में अपनी बेटियों के साथ अकेली थी। पति अशोक के घर लौटने पर घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि पूजा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। एसडीओपी सुनील वरकड़े ने बताया कि महिला की जेठानी ने गांव के चौकीदार को और फिर पुलिस को सूचना दी। महिला की तीन बेटियां हैं। सात साल की बड़ी बेटी को छोड़कर उसने दो छोटी बेटियों की हत्या कर दी।



## इंदौर में जन्मदिन के पहले दो साल की मासूम को मारा

इंदौर में भी ऐसा मामला सामने आया है। यहां जन्मदिन से एक दिन पहले मां ने दो साल की मासूम की हत्या कर दी। घटना तेजाजी नगर में नायता मुंडला की है। पिता काम से लौटे तो बेटी खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ी थी। बाहर खेल रहे बेटे ने बताया कि मां ने बहन के सिर पर डंडा मारा और गेट बंद कर दिया। पुलिस ने मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पिता रवि कचनारे ने बताया कि बेटी राधिका का आज ही जन्मदिन था। चार दिन से इसकी तैयारी कर रहे थे। घटना के समय घर में पत्नी बीजल और 6 साल का बेटा रोहित ही मौजूद थे।





स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**अरुण कुमार नगायच**

पूर्व मण्डल नगर महामंत्री पार्षद वीजेपी वार्ड नं 3 नगर पालिका पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**मंकू श्रीवास्तव**
भारतीय जनता पाटी युवा मोर्चा
मण्डल अध्यक्ष पवई

**भास्कर पाण्डेय**
भारतीय जनता पाटी युवा मोर्चा
मण्डल जिला अध्यक्ष पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रतीक ताम्रकार**
भारतीय जनता पाटी मण्डल
महामंत्री पवई

**डब्बू मिश्रा**
भारतीय जनता पाटी
जिला अध्यक्ष पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**अखिलेश उपाध्याय**
सीईओ
जनपद पंचायत पवई

**मोहिनी आनन्द मिश्रा**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**विनीत नगायच**
सीएमओ
नगर पालिका पवई

**बसंत दहायत**
अध्यक्ष
नगर पालिका पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**नीतेश पटेल**

वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण वन मंडल पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**त्रिलोक सिंह**

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**सुश्री निधि पटेरिया**

भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**रुद्र प्रताप बागरी**

भाजपा पार्षद वार्ड नं. 4 नगर पालिका पवई

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**राजेंद्र वैश्य**

संचालक फ्यूचर कान्वेंट पब्लिक स्कूल जनकपुर बुडवा ब्लॉक ब्यौहारी जिला शहडोल मप्र।

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**शिवाकांत तिवारी**

बीसी इंडियन बैंक एवं मां शारदा जैविक कृषि भंडार यूनियन बैंक के सामने ब्यौहारी उचित दर पर खाद बीज मिलता है एवं निशुल्क खाते खोले जाते हैं 9644309685

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**रामेश्वर पाल अध्यक्ष, विजय पाल सचिव**

मां चंडिका जन विकास समिति भोलहरा ब्यौहारी-शहडोल

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला-कटनी(म.प्र.)

**अपील**

**15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के समरोह पर नगर परिषद कैमोर समस्त सम्मानीय नगरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करती है तथा देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अमर शहीदों को शत्-शत् नमन करते हुए अपेक्षा करती है कि-**

1. स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में अपने नगर को स्वच्छ व सुंदर रखने हेतु सहयोग प्रदान करें, घरों से निकला कूड़ा करकट निर्धारित स्थान पर रखे हुए कचरा दान में ही डालें।
2. अपने घरों के नलों में टोंटी अनिवार्य रूप से लगाएं, पानी व्यर्थ न बहने दें।
3. नगर परिषद कैमोर को प्राप्त होने वाले करों से ही विकास कार्य संपादित कराए जाते हैं, अतः नगर परिषद का कर सही समय पर जमा कर विकास कार्य में सहयोगी बनें।
4. प्रत्येक परिवार से एक-एक वृक्ष अवश्य लगाये।

**पार्षदगण**

**श्रीमति मनीषा अजय शर्मा (पूर्व अध्यक्ष), श्री उमेश शर्मा, श्रीमति ऋचा नवैत, श्रीमति अनिता कोल, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्रीमति विनीता कोल, श्री सुरेश परौहा, श्रीमति शांति यादव, श्री राजेश नारायण पाण्डेय, श्री शरीफ खान उर्फ (पप्पू टेलर्स), श्रीमति अनीता सेन, श्रीमति रिजवाना बेगम, श्री वीरेन्द्र कुमार बैगा।**

| ( श्रीमति पलक नमित ग्रोवर ) | ( श्री संतोष केवट ) | ( श्री मनीष परते ) |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मु.न.पा.अधिकारी |
| नगर परिषद कैमोर | नगर परिषद कैमोर | नगर परिषद कैमोर |

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**इंजी.नबाब खान**
**जिला अध्यक्ष भाजपा**
**अल्पसंख्यक मोर्चा, कटनी**

## U.S.MEMORIAL HIGHER SECONDARY SCHOOL KATNI

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उषा बाल शिक्षा समिति
- प्रबंधक -

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रामसरण तिवारी समिति प्रबंधक, विष्णु दीक्षित अमानगंज सोसाइटी प्रशासक

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**सुरेश कुमार, कलेक्टर**
निवेदक: शिवम सिन्हा महा प्रबंधक जल निगम

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

साई कृष्ण एस थोटा
पुलिस अधीक्षक

नीलम
लक्षकार यातायात
निरीक्षक

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जगदंबा जन विकास समिति भमरहा प्रथम यमुना प्रसाद नापित अध्यक्ष, राम विनोद कोल सचिव

निवेदक- **हीरालाल साहू**
पर्माशदाता सीएमसी एलडीपी ब्यौहारी शहडोल

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**पुष्पेंद्र पटेल**

कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य गोदावल ब्यौहारी-ज़िला शहडोल मप्र

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**राम पाल सिंह**

पटवारी ब्यौहारी-जिला शहडोल

प्रो0-संकल्प साहू मो. 7898761455, 7489134250

## संकल्प कम्प्यूटर

हमारे यहां सेकेण्ड हैण्ड कम्प्यूटर और लेपटॉप एवं न्यू कम्प्यूटर एसेसरीज के थोक एवं फुटकर में मिलते है।
नोट- हमारे यहां रिपेयरिंग का भी काम होता है। पता- ICICI बैंक के नीचे ब्योहारी, जिला- शहडोल (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत इटवॉखास

श्रीमती उर्मिला पटेल — सरपंच
नरेन्द्र खरे — सचिव

बलराम पटैरिया ग्राम रोजगार सहायक

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**अवधेश प्रताप सिंह**
थाना मड़ला

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

भगीरथी पटेल
समिति प्रबंधक
जसवंतपूरा प्रशासक

विष्णु दीक्षित

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत बडगड़ी खुर्द

श्रीमती रेखा यादव — सरपंच
विजय कान्त पाण्डेय — सचिव

अनूपराय ग्राम रोजगार सहायक

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत जमुनहाई

श्रीमती श्यामली डे — सरपंच
कुलदीप पटेल — सचिव

मनोजीत हलधर ग्राम रोजगार सहायक

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**ए.पी. सुमन**
कृषि विभाग उप संचालक

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रामदास साहू
समिति प्रबंधक

अर्चना गुप्ता
गौरा प्रशासक

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

NAGAR PALIKA NIGAM NPN — आज़ादी का अमृत महोत्सव — स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

### 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव

### हमारी प्राथमिकताएं


- अमृत 2.0 योजनांतर्गत अनुमानित लागत 50 करोड़ के डीपीआर अनुसार शहर के विभिन्न स्थानों पर नवीन पाईप लाईन विस्तार। नवीन पानी की टंकियों का निर्माण कर निर्धारित प्रेशर से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना। कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा।
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना अंतर्गत डोर टू डोर कचरे का संग्रहरण करना।
- ट्रांसपोर्ट नगर योजना शीघ्र प्रारंभ कराने के प्रयास जारी।
- शहर में 45 वार्डों में रोड, नाली, सड़क, विद्युत लगभग 100.00 करोड़ के विकास कार्य जारी प्रगतिरत।
- शहर के 45 वार्डों के 06 चौराहे जिसमें डा.भीमराव अम्बेडकर, अटल मार्ग, बिरसा मुण्डा, सावित्री बाई फुले, हेमू कालाणी, भगवान परशुराम चौराहा का कार्य प्रस्तावित।
- जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण कर रोड निर्माण करना।
- व्यवस्थत चौपाटी का निर्माण कार्य प्रारंभ। अमृत 2.0 अंतर्गत सीवरेज कार्य प्रारंभ
- मुख्यमंत्री शहरी अधोसंचना विकास योजना चतुर्थ चरण के अंतर्गत शहर विकास हेतु 8.00 करोड़ की निविदा आमंत्रित।

### नागरिकों से विनम्र अपील

- न गंदगी करें न करनें देवें, सार्वजनिक स्थलों मुख्य मार्गो, गलियों बाजारों पार्क, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों के आसपास कचरा न डालें एवं सफाई बनाये रखें।
- अपनें अपनें घरों में जैविक अजैविक कचरे को पृथक- पृथक रखनें हेतु हरी एवं नीली डस्टबिन का उपयोग करें।
- पेयजल का अपव्यय न करें। जल संरक्षण की दृष्टि से अपनें अपनें घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग आवश्यक है। जल ही जीवन है।
- नगरपालिक निगम के बकाया कर, संपतिकर, समेकित कर, जलकर, स्वच्छता कर का समय पर भुगतान कर शहर विकास में सहयोग प्रदान करें।
- सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण न कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनानें में प्रशासन का सहयोग प्रदान करे।
- उपयोग की गई पूजन सामग्री, फूल माला पूजन वाहन में ही डाले।

| (नीलेश दुबे) | (मनीष पाठक) | (प्रीति संजीव सूरी) |
|---|---|---|
| आयुक्त, नगर निगम कटनी | अध्यक्ष, नगर निगम कटनी | महापौर, नगर निगम कटनी |

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाये
अल्ट्राटेक सीमेंट — देश का नं.1 सीमेंट
हम अनेक, सोच अनेक, पर इरादा सिर्फ एक निर्माण एक मज़बूत भारत का




अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट सीधी सीमेंट
अल्ट्राटेक सीमेंट लि.सीधी वर्क्स मझिगवां,पोस्ट आफिस भरतपुर

ग्राम पंचायत मोहनी की ओर से समस्त जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई





श्रीमती उर्मिला सिंह
सरपंच, ग्राम पंचायत मोहनी

शिवेन्द्र बहादुर सिंह
समाजसेवी ग्राम पंचायत मोहनी

JAYPEE GROUP
जय प्रकाश वेन्चर्स लिमिटेड की एक इकाई
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

वर्क्स कार्यालय निगरी
जे.पी. निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट ग्राम व पोस्ट - निगरीतहसील - सरई, जिला - सिंगरौली म.प्र. - 486 669

वर्क्स कार्यालय अमिलिया
जे.पी. अमिलिया (नार्थ) कोल माइन्स ग्राम - मझौली,पोस्ट- बंधा तहसील - देवसर,जिला- सिंगरौली (म.प्र.) - 486 886

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST जय हिन्द

विनोद कुमार मिश्रा
शहडोल मंडल के सर्वश्रेष्ठ विकास अधिकारी
भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा-सीधी

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST जय हिन्द

राकेश सिंह बघेल
कुंवर एण्ड ब्रदर्श

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डां. एस.बी. खरे
सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सीधी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डां. दीपारानी इसरानी
स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय सीधी

15 August स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएँ
मेसर्स संतोष कांस्ट्रक्शन
संविदाकार, जिला-सीधी

15 August स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएँ
मेसर्स बजरंगी कांस्ट्रक्शन
संविदाकार, सतना म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST

श्री गणेश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सीधी
श्री गणेश सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल सीधी
नीरज शर्मा, संचालक
कमला कॉलेज, पड़रा सीधी

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पूनम-संजीव तिवारी
संचालक
लक्ष्मीपति होण्डा एजेन्सी,सीधी

प्रताप गैस की ओर से
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय पाण्डेय
समाजसेवी

रवी सिंह
मैनेजर
नगर पालिका आफिस के बगल में सीधी

15 August स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएँ
मेसर्स मां पीताम्बरा कंपनी
संविदाकार, रीवा म.प्र.

15 August स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएँ
मेसर्स सिंधवी इंटरप्राईजेज
संविदाकार, सिंगरौली म.प्र.

श्री राजस्थान मिष्ठान भण्डार सीधी की ओर से
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सीधी में स्थापित प्रतिष्ठान
श्री राजस्थान भानु काम्प्लेक्स नया बस स्टैंड के पास सीधी
परिहार होटल पुराना बस स्टैंड सीधी
राजस्थान मिष्ठान भंडार गायत्री कांप्लेक्स सीधी


स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डां. सुदर्शन मंडल
झलवार,जिला -सीधी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डां. गोविन्द्रा विश्वास
पटपरा,जिला -सीधी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कपिल सिंह
विन्ध्य कृषि सेवा केन्द्र सीधी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डां. ए.के.विश्वास
रामपुर नैकिन,सीधी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

धीरेन्द्र सिंह, प्राचार्य
शा.उ.मा.वि-खड्डी, सीधी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामपाल सिंह प्राचार्य
शासकीय आवासीय आदर्श स्कूल टमसार

सेवा सहकारी समिति रामपुर नैकिन की ओर से
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधाकर मिश्रा
विक्रेता,अगडाल एवं रघुनाथपुर

विष्णुदेव मिश्रा
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या.रामपुर नैकिन

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST जय हिन्द


शम्भूनाथ त्रिपाठी, प्राचार्य
शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी
जिला -सीधी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST जय हिन्द

अभिषक उपाध्याय,थाना प्रभारी
थाना यातायात सीधी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST जय हिन्द

पुष्पराज मिश्रा
सह सचिव जिला व्यापारी संघ सीधी

लालचंद गुप्ता, अध्यक्ष
जिला व्यापारी संघ सीधी
सौजन्य:- मिश्रा बीज भंडार पुराना बस स्टैंड सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST जय हिन्द

कमल कामदार
अध्यक्ष
भारतीय सिंधु सभा
शाखा सीधी जिला सीधी मध्य प्रदेश

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

## मुख्य समारोह में कलेक्टरने किया ध्वजारोहण



**जागरण, कटनी।** स्वतंत्रता का पर्व 15 अगस्त जिले भर में हर्षोल्लास, धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित किया गया। जहां भव्य एवं गरिमामय समारोह में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि श्री यादव ने खुली सफेद जिप्सी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। यहां पहली बार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए पुलिस लाइन मैदान में बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाये गये थे। सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किए गए और पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। मुख्य अतिथि श्री यादव ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे गगन में मुक्त किए। समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा आकर्षक और शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडर प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक और सेकेण्ड इन कमांडर अंजू लकड़ा के नेतृत्व में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष और जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनसीसी गर्ल्स, वार्डस्ले स्कूल गाइड, वार्डस्ले स्कूल स्काउट, सीएम राइज स्कूल के स्काउट एवं गाइड सहित पुलिस बैंड दल, शौर्या दल की प्लाटून शामिल थीं।

### आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा समूह नृत्यव प्रतियोगिता में वार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल कटनी को प्रथम स्थारन, सांदीपनि विद्यालय झिंझरी को द्वितीय स्थान और डीपीएस स्कूल कटनी को तृतीय स्थान मिला।

### लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टनर श्री यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों की कुशलक्षेम जाना।

### शौर्य स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के कार्यक्रम के समापन के बाद कलेक्टार श्री यादव और पुलिस अधीक्षक श्री विश्वाकर्मा ने झिंझरी स्थित अमर शहीदों के शौर्य स्मारक में पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों के बलिदान का पुण्य स्मरण किया और कलेक्टर श्री यादव और पुलिस अधीक्षक ने यहां अशोक का पौधा रोपा।

# स्वतंत्रता दिवस पर विजयराघवगढ़ में निकली 30 किलोमीटर की ऐतिहासिक बाइक तिरंगा यात्रा

## विधायक संजय पाठक के नेतृत्व में 2500 बाईकों पर निकली तिरंगा यात्रा



**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधानसभा में स्वतंत्रता दिवस पर विधायक संजय पाठक के नेतृत्व में विजयराघवगढ़ से बरही तक बाईकों पर 30 किलोमीटर की ऐतिहासिक बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्यक्ष गवाह विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले से प्रारंभ होकर बंजारी, हनतला, भिमपार, हंतला, सिनगौड़ी, सिजहरा, डोकरिया, खन्ना होते बरही नगर का भ्रमण कर मुख्य चौराहे पर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भारत माता की जय का घोष कर स्वागत किया। हजारों वाहनों के साथ यात्रा जब विजयराघवगढ़ से बरही मार्ग पर चली तो इसके प्रारम्भ से अंतिम छोर को देखना मुश्किल था। कतारबद्ध रूप से वाहनों का यह काफिला वाहनों पर तिरंगा बंधा तो हाथों में तिरंगा लहराते लोगों ने इस तिरंगा यात्रा में राष्ट्र प्रेम और अपने राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान तथा प्रेम का भाव प्रदर्शित किया। बरही में गूंजा संकल्प का स्वर बरही पहुंचने पर हजारों नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। मंच से विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा यह तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। हम सबका कर्तव्य है कि इसके सम्मान में एकजुट रहें। आज की यह ऐतिहासिक यात्रा आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों को धन्यवाद दिया और एकता, देशभक्ति तथा राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिलाया। तिरंगा यात्रा की अग्रिम पंक्ति में संजय पाठक, संयुक्त कलेक्टर महेश मंडलोई, पुलिस विभाग के थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ सुदेश शर्मा, बरही प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव सहित नगर परिषद अध्यक्ष पलक ग्रोवर, राजेश्वरी दुबे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शांति यादव सहित विधानसभा के सभी सात मंडलों के अध्यक्ष श्रीराम सोनी, भवानीराजा मिश्रा, जगदीश गुप्ता, विवेक सिंह, प्रमोद सोनी, मनोज तिवारी, अरुण पटेल दल के साथ बाइकों पर सवार थे।

# रहस्य के घेरे में संतोष रावत की मौत, गांव में दहशत

**बाणसागर।** देवलौद से लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूर, मैहर ज़िला रामनगर तहसील अन्तर्गत ग्राम कदबारी निवासी 38 वर्षीय संतोष रावत की रहस्यमयी मौत ने पूरे क्षेत्र को दहशत और सवालों के घेरे में ला दिया है। संतोष रावत, ग्राम सरिया स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं संकुल सरिया (लदबद) में चपरासी पद पर कार्यरत थे और रात्रि में चौकीदार की ड्यूटी भी निभाते थे।

**घटनाक्रम :** 12 अगस्त 2025 की रात लगभग 9 बजे, संतोष रोज़ की तरह चौकीदारी के लिए घर से निकले, लेकिन विद्यालय नहीं पहुँचे। अगले दिन सुबह, कदबारी की ओर जाने वाले खैरहनी-ललमटिया घाटी के मोड़ पर उनकी मोटरसाइकिल खड़ी मिली। परिजन और ग्रामीण दिनभर तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

**शव की बरामदगी :** 13 और 14 अगस्त 2025 की दरमियानी रात, मोटरसाइकिल से लगभग 700 मीटर दूर, भितरी बाणसागर उप बांध के पास जंगल में उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

**पुलिस कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलते ही थाना रामनगर प्रभारी विजय त्रिपाठी एवं मर्यादपुर चौकी प्रभारी राकेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए रामनगर भेजा गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि जांच पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जारी है और मौत का कारण जल्द सामने लाया जाएगा।

**इलाके में खौफ :** इस रहस्यमयी वारदात ने न केवल मृतक के परिजनों को सदमे में डाल दिया है, बल्कि बाणसागर-देवलौद से लेकर मैहर क्षेत्र तक दहशत का माहौल बना दिया है।

## जरवाही में हुई गर्भवती महिला की हत्या, पति निकला हत्यारा

**कटनी।** माधव नगर थानांतर्गत निवार चौकी के ग्राम पंचायत जरवाही में पति द्वारा अपनी गर्भवती पत्नी की सिर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई। लड़की के परिवार जनों और उनके पिता का कहना है की पति रवि बर्मन उनकी बिटिया शिवानी बर्मन जिसकी फरवरी में शादी हुई थी एवं वह लगभग 6 माह की गर्भवती थी उसकी कल रात्रि में पति रवि बर्मन हत्या करके फरार हो गया है जैसे ही खबर निवार चौकी, माधव नगर थाने में जानकारी प्राप्त हुई तुरंत पुलिस अधिकारी पहुंचे सीएसपी नेहा पच्चीसिया, माधव नगर टीआई अभिषेक चौबे, निवार चौकी प्रभारी नेहा मौर्या एवं पुलिस बल मौजूद रहा सभी की निगरानी में जांच पड़ताल की गई। आरोपी पति रवि शंकर बर्मन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत 37 हितग्राहियों का ग्रह प्रवेश संपन्न

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शनिवार 16 अगस्त को बीएलसी घटक के तहत 25 एवं एएचपी घटक के तहत 12 पूर्ण हुये आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्देशों के परिपालन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के शुभ मुहूर्त पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत नगर निगम सीमांतर्गत 37 हितग्राहियों का ग्रह प्रवेश कराया गया है जिनमें बीएलसी घटक के तहत 25 व एएचपी घटक के तहत 12 हितग्राहियों ने अपने आवास में ग्रह प्रवेश किया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सभी लाभान्वित हितग्राहियों को अपने स्वयं के आवास में ग्रह प्रवेश हेतु अनंत शुभकामनाएँ दी हैं।

# मऊ में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**जागरण ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत 14 अगस्त को मारवाड़ के नायक योद्धा दुर्गादास राठौड़ की 387 जयंती पर भव्य तिरंगा यात्रा मऊ से लेकर चिपाडनाथ तक निकाली गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी द्वारिका राठौर ने कहा कि हमें हर व्यक्ति तक स्वतंत्रता की अलग जगाना है हर व्यक्ति को समाज के मुख्य धारा में जोड़ना है गांव के हर मोहल्ले में सड़क और बिजली की समस्याओं को दूर करना होगा हर बच्चे के हाथ में कलाम होनी चाहिए यही हमारी असली आजादी होगी अभी देश को और भी विकास की बहुत जरूरत है इसके लिए देशवासियों को मिलकर काम करना होगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, सचिन सिंह मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र पटेल विक्रमादित्य गुप्ता, शशिकांत चतुर्वेदी, सरपंच जानकी राठौर, प्रसून सिंह सचिव, सहित हजारों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

**ट्रांसफार्मर से बिजली काटने पर हुआ विवाद : जागरण शहडोल।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पसगड़ी के विजय बैगा पिता बुद्धसेन बैगा ग्राम पसगड़ी थाने में 15/08/25 को रिपोर्ट दर्ज कराया की आशीष गुप्ता, जगदीश गुप्ता द्वारा उसके घर की लाइट ट्रांसफार्मर से काट दी गई थी जब मैं जाकर पूछने की कोशिश की कि मेरे घर की लाइट क्यों बार-बार ट्रांसफार्मर से काट देती हो तो मेरे साथ मारपीट की गई जिससे मुझे काफी चोट आई है इस संबंध की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई है पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर घटना के कारण की जांच शुरू कर दी है । पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है

**विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**(शीर्षक)**

प्रेषिति - न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय का. दे.
वाद सं. 271 सन् 2025
शिवमोहन उर्फ रोहन उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम बहेरा थाना मंगलपुर कानपुर देहात मो. 9220751192
बनाम
टीना उर्फपिन्की उम्र लगभग 38 वर्ष पत्नी शिवमोहन उर्फ रोहन पुत्री किशनलाल हाल निवासिनी ई 35 रेलवे क्वाटर सतना मध्यप्रदेश

ने आपके विरुद्ध 13 एच.एम. एक्ट के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 8/9/2025 को दिन में 16: बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के ये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं । जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज रप चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबंद की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें ।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारी को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज ता0 06.08.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

BY ORDER
MUNSARIM
FAMILY COURT
KANPUR DEHAT

# महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण




**जागरण ब्यौहारी।** विधिक सेवा प्राधिकरण के के द्वारा पंडित रामकिशोर शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वन विभाग द्वारा प्रदाय किए गए औषधिय पौधे रोपित किए गए सिविल न्यायालय के पुष्पेंद्र सिंह एडीजे, रानु झारिया मजिस्ट्रेट वर्ग 2 अश्वनी चतुर्वेदी न्यायाधीश वर्ग 2 द्वारा पौधारोपण किया गया इस अवसर पर कॉलेज की प्रचार्य डॉ आरके तिवारी, डॉ मोहित लाल वर्मा वंश बहादुर सिंह, अर्पिता सिंह , एवं समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

# सीएलएफ सूखा में हुआ ध्वजारोहण



**ब्यौहारी ।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सीएलएफ सूखा में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीता साहू ने ध्वजारोहण किया गया इस दौरान संकुल सूखा के समस्त सीएलएफ मेंबर उपस्थित रहीं।

## ब्यौहारी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**जागरण ब्यौहारी।** ब्यौहारी विकासखंड में हरसोलाश के साथ 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया मुख्य कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में हुआ जहां ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष आकांछी प्रीतू सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्र के विधायक शरद कोल, नरेंद्र सिंह धुर्वे एसडीएम, कल्पना यादव सीईओ, एसडीओपी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता राजन, संतोष शुक्ला, विनोद ताम्रकार,नीता साहू विधानसभा प्रतिनिधि, ब्रह्मानंद श्रीवास्तव बीईओ, डॉ निशांत सिंह परिहार सीबीएमओ, अरुण पांडे नगर निरीक्षक, मनोज केसरवानी, रितेश श्रीवास्तव,समीम खान सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सरोज पांडे एवं रवि द्विवेदी द्वारा किया गया।

**शासकीय महाविद्यालय में** - पंडित राम किशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में ध्वाजारोहण प्राचार्य डॉ आरके तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिजनों का श्रीफल भेंटकर किया सम्मान



**कटनी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद स्मारक संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कटनी के द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देशभक्ति के माहौल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात पुलिस ग्राउंड झिंझरी में शासन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारियों को कलेक्टर एवं विधायक के द्वारा सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सचिव अरविंद गुप्ता ने शासन के द्वारा किए गए सेनानियों के उत्तराधिकारियों के सम्मान की प्रशंसा की। ध्वजारोहण के पश्चात आयोजित सम्मान समारोह में सबसे पहले जिले के विभिन्न हिस्सों से आए सेनानी उत्तराधिकारीयो कलेक्टर एवं विधायक द्वारा शाल, श्रीफल माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस सम्मान बेला में सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष संतोख सिंह, सचिव अरविन्द गुप्ता, पुन्नूलाल नामदेव, मिडिया प्रभारी जयशक्ति शिवहरे, अनुपम जैन, विजय जैन, राधेश्याम विजपुरिया, मोहन बहरे आदि सभी शहीद परिजनों का सम्मान श्रीफल भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के सचिव अरविंद गुप्ता ने शासन से मांग की है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजनाओं में सहभागिता निभाने के लिए सरकार ध्यान दे। इस मौके में उपस्थित सभी शहीदों के परिजनों के द्वारा खुद को गौरवान्वित महसूस करते हुए जिला प्रशासन का तहेदिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिले के सभी विभागों के आला अधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक संदीप जयसवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक टंन्डन सोनी पार्टी कार्यकर्ता और शहर के वरिष्ठ पार्षदगण मौजूद रहे। समारोह में देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण गूंज उठा।

## एड.अमित शुक्ला शहर और सौरभ सिंह बने ग्रामीण अध्यक्ष

**कटनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्यप्रदेश के कई जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने इन अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी.वेणुगोपाल ने आदेश जारी कर दिया है। जिसमें जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला को जिला शहर एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह को जिला ग्रामीण का अध्यक्ष बनाया गया है।

## विद्युत विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों हुए सम्मानित

कटनी। आज स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अधीक्षण अभियंता द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों ने भावनात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके साथ ही देश के प्रति अपनी श्रद्धा और भावना को कुछ भावुक पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त किया गया। जिससे माहौल और भी गरिमामयी बन गया। इस आयोजन ने न केवल प्रेरणा दी, बल्कि सभी को अपने कर्तव्यों और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पुन: महसूस करने का अवसर प्रदान किया। अधीक्षण अभियंता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल और प्रेरणादायक रहा जिसमें हर व्यक्ति ने उत्साह और समर्पण से भाग लिया और देशभक्ति की भावना को दिल से महसूस किया। कार्यक्रम में डी.एन.चौकीकर अधीक्षण अभियंता, मुकेश महोबे, अमित सक्सेना, शैलजा चौहान, अनुराग अग्निहोत्री, राजीव चतुर्वेदी, पंकज यादव, वैभव रामबाबू गुप्ता, रेखा सक्सेना, गिरिराज शेख नवाब आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कटनी में विद्युत के क्षेत्र में हुई उपलब्धि पर अधीक्षण अभियंता ने विस्तृत प्रकाश डाला जिसमें केंद्र शासन की योजना आरडीएसएस पर विचार व्यक्त किया।

## दिगम्बर जैन संस्था ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**कटनी।** दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था जैन बोर्डिंग में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ नगर में चर्तुमास कर रहे प.पू.108 पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में एवं पाठशाला ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ससि प्रसन्न कुमार जैन, संस्था के अध्यक्ष आशीष जैन के आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर तीर्थक्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ससि सुधीर कुमार कोमलचंद जैन, ससि अनिल कुमार, मास्टर अक्षय कुमार, विनय कुमार निर्वतमान एसडीएम, विमल कुमार मन, पंचम जैन, अंकुर जैन, रानू जैन, अजय जैन, प्रसन्न जैन, संदीप जैन, पं चक्रेश जैन, एडवोकेट संदीप पटोरिया, राजेश जैन, अरविन्द जैन कोयला के साथ चारो स्कूलों के छात्र छात्राएँ एवं शिक्षकगण शामिल हुये। इस अवसर पर मुनिश्री ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आज के दिन हमारा देश स्वतंत्र हुआ था इसलिये इस पावन पर्व को स्वतंत्रता दिवस के रूप मे मनाया जाता है।

**नाम एवं जन्म तिथि सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं JC-454093F सूबेदार उपेन्द्र सिंह चंदेल पुत्र श्री नागेश्वर सिंह चंदेल, निवासी गाँव-भोलरा, पोस्ट-देवतालाब, तहसील- नईगढ़ी, जिला-रीवा (मध्य प्रदेश) के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम NAGAYSUAR SINGH CHANDEL और उनकी जन्मतिथि 01 JULY 1962 दर्ज हो गयी है, जोकि गलत है। जबकि उनका सही नाम SHYAMA SINGH और सही जन्मतिथि 15 JANUARY 1959 है, जोकि मेरी माताजी के आंधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक अकाउंट एवं अन्य दस्तावों में भी दर्ज है। अत: मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड मेरी माता जी का सही नाम SHYAMA SINGH और सही जन्मतिथि 15 JANUARY 1959 सुधार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।
उपेन्द्र सिंह चंदेल
RN-84220

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-ई-2025-143 दिनांकः 14.08.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** प्रोवीजन ऑफ़ लिमिटेड हाइट सबवे इन ल्यू ऑफ़ 04 नंबर लेवल क्रासिंगस (389, 397, 400, 426) इन झाँसी-खैरार सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹267341478.26 **अमानत राशि (रू):** ₹1486700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 12.09.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 18 माह

- निविदा **दिनांक 12.09.2025** को **15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

1464/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**जमीन बेचना है**

पद्मधर कॉलोनी के पीछे नदी से लगा व 11,500 वर्गफिट फार्म हाउस मात्र 1200 रूपये वर्गफिट बेचना है। सम्पर्क करें। पंकज सिंह मो. 9753664665 आरएन-जीएमसर(23/8)

**आवश्यकता है**

- कर्मचारी/हेल्पर,
- टाइपिस्ट सम्पर्क- 8770231515

आरएन-84222(19/8)

## कोतवाली थाना बना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता मानकों से प्रमाणित प्रमुख थाना

**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा के कुशल मार्गदर्शन में, पन्ना पुलिस का कोतवाली थाना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता मानकों से प्रमाणित होकर ढ्ढस्ह्र 9001॰2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला जिला का प्रमुख थाना बन गया है। यह सम्मान द्वारा श्वद्बष्ट तथा ढ्ढस्न जैसी अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं के सहयोग से प्रदान किया गया है। इस प्रमाण पत्र का अर्थ है कि कोतवाली पुलिस थाना अब अपनी कानून व्यवस्था, सामुदायिक सेवा, ट्रैफिक नियंत्रण एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट वैश्विक मानकों के अनुसार कार्य कर रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के नेतृत्व में थाने की कार्यशैली में पारदर्शिता, सेवा की गुणवत्ता एवं नागरिक सहभागिता को प्राथमिकता दी गई, जिसका परिणाम यह उपलब्धि है।

**इस उपलब्धि के मायने :** पुलिसिंग में गुणवत्तायुक्त सर्वश्रेष्ठ मानकों का पालन जनमानस में पुलिस की कार्यप्रणाली और विश्वास में वृद्धि। आपात स्थिति, कानून-व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण में अत्याधुनिक प्रक्रियाओं का समावेश। जिले की अन्य पुलिस इकाइयों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण एवं मापदंड। पुलिस अधीक्षक पन्ना ने इस उपलब्धि पर थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा की प्रशंसा करते हुये कहा,यह सम्मान समस्त पुलिसकर्मियों की निष्ठा, लगन और टीम वर्क का परिणाम है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईंस, सतना (म.प्र.)**
PHONE No. 07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 23/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2140 रीवा, दिनांक:- 06.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _444408_1 | मैहर जिला मैहर में 1 नग डी टाईप सिंगलेक्स कलेक्टर हेतु, 1 नग ई टाईप सिंगलेक्स अपर कलेक्टर हेतु, 5 नग एफ टाईप सिंगलेक्स डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार हेतु, 2 नग जी टाईप सिंगलेक्स नायब तहसीलदार हेतु, 6 नग जी टाईप मल्टी (G+2) कर्मचारियों हेतु, 12 नग एच टाईप कर्मचारियों हेतु एवं 12 नग आई टाईप चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु निर्माण कार्य मय जलप्रदाय, सेनेटरी एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | मैहर | 1160.64 | 1000000 00 | 30000 | 18 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 14-08-2025 समय 10:00 से दिनांक 25-08-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G- 17270/25

(इंजी. रोहित मरावी)
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सतना

दैनिक जागरण रीवा 17 अगस्त 2025 www.dainikjagranmpcg.com

# सीधी जागरण

11 राज्य 31 संस्करण

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.35 अस्त : आज
05.37 उदय : कल

शहर का तापमान
34.0° अधिकत
25.0° न्यूनतम



# स्वतंत्रता दिवस में जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा



जागरण ध्वजारोहण

## प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

### परम्परागत एवं गरिमामय ढंग से मना स्वतंत्रता दिवस

जागरण, सीधी

देश की आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पर पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। सीधी जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर पूरे उत्साह और गरिमामय ढंग के साथ सम्पन्न हुआ जहां समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रगान का गायन हुआ। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया, इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। मुख्य अतिथि द्वारा समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे नील गगन में छोड़ने के पश्चात परेड द्वारा तीन बार हर्ष फायर किया गया। उप पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार कड़वे के कमाण्ड में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड के उप कमाण्डर प्लाटून कमांडर मयंक तिवारी होम गार्ड रहे। इसमें उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 9वीं वाहिनी विसबल कंपनी सीधी, उप निरीक्षक तरुण बेड़िया के नेतृत्व में जिला पुलिस बल सीधी, उपनिरीक्षक वर्षा यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस बल महिला, सहायक उपनिरीक्षक जयगोपाल साकेत के नेतृत्व में होमगार्ड जिला बल सीधी, प्रभात प्रजापति के नेतृत्व में सीनियर एनसीसी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी, अमितेन्द्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी, उधव प्रताप सिंह के नेतृत्व में जूनियर एनसीसी गणेश सीनियर सेकेंड्री स्कूल पड़रा सीधी, वेद सिंह चौहान के नेतृत्व में सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी, सुश्री दिया अवधिया के नेतृत्व में सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी, सुश्री पूजा कोरी के नेतृत्व में पीएमश्री शासकीय आदर्श कन्या हा स्कूल सीधी, शुभम सिंह चौहान के नेतृत्व में एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो, अभिमन्यु प्रजापति के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी, प्रियांशु कोरी के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी, अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल मड़रिया सीधी, कु. मधु कोल के नेतृत्व में महिला बाल विकास शौर्य दल तथा जिला पुलिस बल सीधी के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय प्राप्त किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस वर्ष नवाचार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री के बधाई संदेश का वाचन कर लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरूकुल विद्यालय मड़रिया सीधी, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक 1 सीधी, सांदीपनि विद्यालय सीधी एवं एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अंत में गांधी विद्यालय द्वारा बैण्ड दल का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, वरिष्ठ समाज सेवी देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, सहायक संचालक संजय टाईगर रिजर्व राजेश कन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी, जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार, विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों और सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों के साथ आमजन स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान उपस्थित थे।





## मध्यान्ह भोजन में सम्मिलित हुए प्रभारी मंत्री



स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर शासकीय माडल स्कूल खजुरी में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होने विद्यालय में 100 बिस्तरीय बालक छात्रावास भवन का शुभारंभ, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, समाजसेवी देव कुमार सिंह चौहान द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि हमें यह आजादी कई वर्षों के कठिन संघर्ष तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली है। इसकी सीमाओं की सुरक्षा के लिए हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इस आजादी का सम्मान करें तथा देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारा प्रदेश विकास के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आज हमारी सेना पूरी तरह से सशक्त है। आपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से हमारी सेनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि दुश्मन ताकतों को करारा जवाब मिलेगा। हमने नई तकनीकी से दुश्मन को परास्त करके दिखाया है और पूरे विश्व में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक गर्व से तिरंगा फहरा रहा है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी पुरष्कृत



मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान उनके साथ विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा उपस्थित रहे। सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह की श्रृंखला में सर्वोत्तम परेड सीनियर का पुरस्कार महिला जिला पुलिस बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड परेड सीनियर का द्वितीय पुरस्कार सीनियर एनसीसी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी एवं तृतीय पुरस्कार होमगार्ड जिला बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड जूनियर का पुरस्कार जूनियर एनसीसी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी को दिया गया। परेड जूनियर का द्वितीय पुरस्कार जूनियर एनसीसी श्री गणेश स्कूल पड़रा सीधी एवं तृतीय पुरस्कार सरस्वती उ.मा.वि. मड़रिया सीधी को दिया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रथम पुरस्कार एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी को दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वितीय पुरस्कार शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 सीधी एवं तृतीय पुरस्कार गुरूकुल विद्यालय मड़रिया सीधी को दिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

## महात्मा गांधी हाई स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस का जश्न



**जागरण, सेमरिया।** महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ सेमरिया में स्वतंत्रता दिवस के अवसर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य बहेलिया और राजेश खरे थे, जबकि अध्यक्षता रूद्र प्रसाद मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के डायरेक्टर श्रीकांत तिवारी कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और नृत्यों के माध्यम से देश के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित किया गया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रमुख रूप से लवकेश गुप्ता, नंद कुमार बहेलिया, राजीव शुक्ला, संदीप मिश्रा, अनिल साहू, मोहम्मद अशफाक, ज्योति, मधु मिश्रा, रश्मि, शीतल, शुभांजलि, अर्चना, रीना, गुंजन, साधना, अनीता, रीना, कविता, प्रमोद, कृष्ण कुमार, संतोष, सीमा, प्रियंका सहित शिक्षक अभिभावक छात्र उपस्थित रहे।

## आयुष इंडियन पब्लिक स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**जागरण, सेमरिया।** आयुष इंडियन पब्लिक स्कूल देवगढ़ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधि पूजन द्विवेदी अधिवक्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, कार्यक्रम अध्यक्षता सेमरिया मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र मिश्रा पत्रकार, सनत कुमार द्विवेदी, रामाश्रय तिवारी, श्रीकृष्ण पाण्डेय, अशोक तिवारी, सुभाष पाण्डेय और उमेश द्विवेदी विद्यालय संचालक संचालक शैलेष कुमार तिवारी, स्टॉफ प्रतिमा पाण्डेय, अजय मिश्रा, नीलेश तिवारी, अभिषेक शुक्ला, आकांक्षा मिश्रा और बृजेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे।

## साक्षी हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**जागरण, सेमरिया।** साक्षी हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा बढौरा स्टैंड तक प्रभात फेरी निकाली गई। जिसके बाद मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्य प्रसाद मिश्रा सेवानिवृत्ति शिक्षक। अध्यक्षता साक्षी कॉलेज के संचालक देवेन्द्र मिश्रा, विशिष्ट अतिथि श्यामलाल मिश्रा, सेवानिवृत्ति शिक्षा, ब्रम्ह्कुमार कुमार मिश्रा, साक्षी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक संजय मिश्रा और महाविद्यालय के प्रबंधक अनिल मिश्रा, सतीश शुक्ला, नीरज मिश्रा और अन्य अभिभावक एवं ग्रामीण छात्र भी उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर कोटहा में लहराया तिरंगा



**जागरण, सीधी।** सरस्वती शिशु मंदिर कोटहा सीधी में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निलेश शुक्ला लेखापाल एवं व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्ता के कर कमलो द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती गायत्री गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विकास शुक्ला सीए, अमित गोस्वामी सैनिक एवं उप समिति से राकेश सोनी व जितेंद्र कुमार शुक्ला सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी व राष्ट्रगान गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीत, कविता पाठ, नृत्य एवं राधा कृष्ण की रूप सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया गया।

## अस्पताल की अव्यवस्था पर कब होगा सुधारः पुष्पराज



**जागरण, सीधी।** जिला चिकित्सालय की अव्यवस्था को लेकर व्यापारी प्रकोष्ठ के सह सचिव एवं समाजसेवी पुष्पराज मिश्रा ने कहा कि यहां आए दिन मौतें होती रहती हैं। चिकित्सक निजी क्लीनिक में ध्यान देते हैं लेकिन अस्पताल में मरीजों को देखने से परहेज करते हैं। मिश्रा बीज भंडार बस स्टैंड के संचालक पुष्पराज मिश्रा ने आगे कहा कि आखिर इसमें कब सुधार होगा। उन्होने कहा कि लोग सांसद को दोष देते हैं लेकिन सांसद अकेले कुछ नहीं कर पाएंगे। वह तो लगातार प्रयास करते हैं कि व्यवस्था बने। उनके द्वारा अस्पताल में एंबूलेंश सहित हाल ही में दो शव वाहन की व्यवस्था भी कराई गई। इसके साथ ही वह पूरी तरह से चिकित्सीय व्यवस्था में लगातार ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में अकेले सांसद की यह जिम्मेदारी नहीं है। हर जन प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे तभी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में बदलाव आएगा। एक दूसरे पर दोषारोपण मढ़ने से अच्छा है कि खुद प्रयास करें। उन्होने कहा कि आज स्थिति यह है कि पूरी तरह से चिकित्सीय व्यवस्था चरमराई है।

# जिले में श्री कृष्ण जन्मोत्सव त्योहार की रही धूम

## मंदिरों एवं घरों में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

जागरण, सीधी





जिले में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आज धूम रही। जगह-जगह श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाकर लोगों ने पूरी आस्था के साथ व्रत रखा। मंदिरों में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम के चलते भजन-कीर्तन होता रहा। रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के लिए श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन गाते हुए काफी देर तक झूमते रहे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के चलते घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां सजायी गयी थीं। व्रत रखने वाले श्रद्धालु दिनभर भक्ति से सराबोर रहे। मंदिरों के साथ ही घरों में रखी गयी भगवान श्री कृष्ण की झांकी स्थलों में जन्मोत्सव कार्यक्रम के चलते भजन-कीर्तन की धूम रही। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। शहर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ, मणिकूट आश्रम गोपालदास मंदिर में भी मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुबह से व्रत रखने वाले श्रद्धालु भी पूरी तन्मयता के साथ दिनभर पूजा-अर्चना में लीन रहे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम स्थल में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की जयघोष गूंजती रही। भजन कीर्तन में लीन श्रद्धालु श्रीकृष्ण से जुड़े भजनों का गायन करते रहे। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के साथ ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन शुरू हो गया। शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। हिन्दू धर्म में इस त्यौहार को बड़ी धूमधाम से बनाया जाता है। इस वर्ष मंदिरों व अन्य आयोजनों में भीड़.भाड़ देखने को मिली। लोग अपने-अपने घरों के साथ ही मंदिरों में भी पूरे उत्साह के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म दिन मनाया। घरों में भी काफी संख्या में लोगों ने जन्मोत्सव का आयोजन कर पूजा-अर्चना किये। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। काफी संख्या में लोगों द्वारा जन्माष्टमी पर व्रत रखा गया था। ऐसे श्रद्धालुओं ने रात 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने के बाद फलाहार एवं भोजन लिए।

## हॉल मार्किंग पर सामान्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, सीधी।** बीआईएस भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा सीधी के सर्राफा एसोसिएशन के सहयोग से एक सामान्य हॉलमाकिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सीधी के स्थानीय जौहरियों और उपभोक्ताओं को हॉलमार्किंग प्रमाणपत्र प्रदान करने की प्रक्रिया, अनिवार्य हॉलमार्किंग दिशानिर्देश, संबंधित नियम, पंजीकरण और रद्दीकरण प्रक्रिया, प्रदर्शन आवश्यकताओं और भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस द्वारा जारी नवीनतम अपडेट के बारे में शिक्षित करना था। स्वर्णकार समाज सीधी के अध्यक्ष एवं पार्षद हल्के सोनी ने बताया कि हॉलमार्क पर सामान्य जागरूकता कार्यक्रम से जहां व्यापारियों को सुविधा मिलेगा वहीं ग्राहकों को भी संतुष्टि मिलेगी। इस कार्यक्रम में सीधी के चौक क्षेत्र के लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों/जौहरियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री आकांक्षा मिश्रा हॉलमार्किंग एवं विनियमन एचएमआर अधिकारी भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अनिवार्य हॉलमार्किंग और हॉलमार्क विशिष्ट पहचान एचयूआईडी आभूषण विक्रेताओं के पंजीकरण के लिए दिशानिर्देश एनएसडब्ल्यूएस पोर्टल हॉलमार्क पंजीकरण प्राप्त करने की चरण-दर-चरण प्रक्रिया बिक्री आउटलेट प्रदर्शन आवश्यकताएं बीआईएस द्वारा जारी निगरानी पर जागरूक किया गया।

## न्यू बचपन केयर स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




**जागरण, चुरहट।** न्यू बचपन केयर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा सिंह द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ। विद्यालय परिसर तिरंगे के रंगों से सुसज्जित था और बच्चों के चेहरों पर देशभक्ति की चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतए कविताएं, समूह नृत्य एवं लघु नाटिका प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन किया। मंच संचालन के दौरान बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरक प्रसंग सुनाकर उपस्थित जनसमूह को भाव.विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता हमें असंख्य बलिदानों और कठिन संघर्ष के पश्चात प्राप्त हुई है। इसलिए हमें इसे सदैव एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के साथ संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों को अच्छे नागरिक बनने और देश की प्रगति में योगदान देने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक उमेश चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य प्रकाश चतुर्वेदी, काउंसलर विंदुजा सिंह, उत्तम त्रिपाठी, दामिनी गुप्ता, दर्पण पाण्डेय, पलक पाण्डेय, प्रियंका पाण्डेय, प्रांची सिंह, आयुशी पाठक, आबिदा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण एवं भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

## विंध्य एकेडमी में मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**जागरण, सीधी।** विंध्य अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल परसवार चुरहट में बड़े ही हर्षोउल्लास से देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिस्टर बायएस मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इसके पश्चात मां सरस्वती पूजन और चुरहट क्षेत्र से पधारे हुए अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा देश की आजादी में शहीद हुए शहीदों और वीरता को जैसे कारगिल विजय और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशन की सफलता की प्रस्तुति की गई। साथ में कृष्ण जन्माष्टमी जैसे त्यौहार की भी कुछ झलकियां प्रस्तुत की गई और मटकी फोड़ कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। आज के इस सफल आयोजन और प्रस्तुति के लिए विद्यालय के संचालक बालेंद्र मिश्रा, प्राचार्य कृपाशंकर द्विवेदी और विद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज बालेंद्र मिश्रा साथ में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा पधारे हुए अतिथियों का आभार किया गया और नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की और नए मुकाम हासिल करने की शुभकामनाएं दी गई।

# न्यायालय के स्थगन के बाद उखाड़ दिया भूमि का पिलर

## महिला की भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास

### नायब तहसीलदार के आदेश की खुलेआम अवहेलना

जागरण, सीधी



न्यायालय के स्थगन के बाद भी दबंगों ने महिला की भूमि पर बने कंक्रीट पिलर को उखाड़ कर भूमि विवाद की स्थिति निर्मित करने का प्रयास किया। तत्संबंध में जमोड़ी थाना में लिखित रिपोर्ट की गई है। रिपोर्ट में सीमा पाण्डेय पति ब्रह्ममानंद पाण्डेय निवासी जमोड़ी खुर्द ने कहा है कि ग्राम पनवार सेंगरान स्थित खसरा क्रमांक 306/2/2 रकवा 0.022 में मेरी भूमि में पिलर स्ट्रक्चर निर्मित था। भूमि क्रय दिनांक से लगातार उसका स्वत्व व अधिपत्य है। फिर भी आरोपी सत्यम तिवारी पिता रमेश प्रसाद तिवारी के द्वारा अवैध रूप से भूमि में गड्ढे खोदकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर दिनांक 30 जून 2025 को जमोड़ी थाना को लिखित सूचना दी गई। तत्पश्चात न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त सेमरिया तहसील गोपद बनास जिला सीधी के रा.प्र.क्र./अ-70/दिनांक 30 जून 2025 को पारित स्थगन आदेश के माध्यम से नायब तहसीलदार वृत्त द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था। वहीं राजस्व निरीक्षक मंडल गांधीग्राम तहसील गोपद बनास जिला सीधी के द्वारा दिनांक 28 जुलाई 2025 को मौके पर पहुंचकर उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष स्थल जांच कर पंचनामा एवं प्रतिवेदन तैयार कर नायब तहसीलदार वृत्त सेमरिया तहसील गोपद बनास के दिनांक 28 जुलाई 2025 को सौंपा गया। राजस्व निरीक्षक द्वारा अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि खसरा क्रमांक 306/2/2 रकवा 0.022 सीमा पिता भगवान प्रसाद के नाम भूमि स्वामी स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि है। भूमि में इनके द्वारा 60 गुणे 40 वर्गफिट पर 10 पक्के पिलर भूमि सतह से ऊंचाई 3 फिट बने पाए गए। उक्त पिलरों के अंदर सत्यम तिवारी पिता रमेश प्रसाद तिवारी द्वारा दिनांक 30 जून 2025 को जबरन गड्ढे खोदे गए हैं। राजस्व निरीक्षक द्वारा सत्यम तिवारी को नायब तहसीलदार द्वारा पारित स्थगन आदेश का पालन करने को कहा गया था। फिर भी सत्यम तिवारी द्वारा पारित स्थगन आदेश का पालन न करते हुए भूमि में बने पक्के पिलर युक्त स्ट्रेक्चर को नष्ट कर दिया गया है। ऐसे में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। इसी वजह से सीमा पाण्डेय द्वारा जमोड़ी थाना पुलिस के यहां लिखित रूप से रिपोर्ट करते हुए आरोपी सत्यम तिवारी द्वारा पारित स्थगन आदेश का उल्लंघन एवं निर्मित पक्के पिलर युक्त स्ट्रेक्चर को नष्ट किए जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दांडिक कार्यवाही की मांग की गई है।

## आरोपी की मां एसपी ऑफिस में हैं आरक्षक

जमोड़ी थाना में की गई लिखित रिपोर्ट में सीमा पाण्डेय ने कहा है कि आरोपी सत्यम तिवारी की मां श्रीमती गिरिजा तिवारी पति रमेश कुमार तिवारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। इसी रौब के चलते सत्यम तिवारी द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास दबंगई पूर्वक किया जा रहा है। यहां तक कि आरोपी न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त सेमरिया तहसील गोपद बनास जिला सीधी को स्थगन आदेश का भी उल्लंघन किया जा रहा है। जब पीड़िता महिला सीमा पाण्डेय द्वारा उनके अधिपत्य की भूमि में जबरन कब्जा करने का विरोध किया गया तो उसके द्वारा पुलिस का रौब दिखाते हुए पुलिस से पिटवाने और प्रताड़ित कराने की धमकी देना शुरू कर दिया गया। आरोपी का कहना है कि उसकी मां पुलिस में आरक्षक हैं और वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ हैं। इस वजह से पुलिस उनके पक्ष में ही सामने आएगी। पुलिस द्वारा इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाएगी और न ही पुलिस के यहां कोई सुनवाई होगी। आरोपी की उक्त दबंगई के चलते पीड़ित महिला सीमा पाण्डेय अपने भूमि में कोई निर्माण कार्य भी शुरू नहीं करा पा रही है। वह जब भी अपने भूमि में जाकर निर्माण कार्य के संबंध में पहल शुरू करती है तो आरोपी वहां पहुंचकर विवाद करना शुरू कर देता है। उसके द्वारा अकारण ही महिला को काफी समय से परेशान किया जा रहा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक को मामले को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करानी चाहिए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आजादी के मायने...

*आजादी यानि की स्वतंत्रता किसी व्यक्ति का सिर्फ नैसर्गिक हक नहीं बल्कि नैतिक उत्तरदायित्व भी है, जिसका निर्वहन अपरिहार्य है। दरअसल,स्वतंत्रता एक बहुआयामी अवधारणा है। सामान्य तौर पर स्वतंत्रता की प्राकृतिक अवस्था सरल एवं सहज लगती है, एक हद तक लुभावनी भी, लेकिन बिना अनुशासन तथा नैतिक उत्तरदायित्व के यह अराजकता तथा असमानता की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। अर्थात् जिसके पास सत्ता-शक्ति तथा साधन हैं वह दूसरे के जीवन, स्वास्थ्य तथा गरिमा का ध्यान रखे बगैर अपनी स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल कर सकता है। अतः कोई भी नागरिक अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के कारण अराजक स्थिति न उत्पन्न कर सके इसके लिए राज्य द्वारा व्यक्ति की स्वतंत्रता केनियम बनाये जाते हैं तथा इसे नागरिक तथा राजनीतिक अधिकार के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है। राज्य द्वारा निर्धारित किया गया व्यक्ति की स्वतंत्रता का नियम कोई प्रतिबंध नहीं है बल्कि उसे समानता, प्रतिबद्धता, सहिष्णुता और सद्गुणों जैसे मूल्यों से युक्त करना है।*

*महान दार्शनिक रूसो के अनुसार 'कानून पूरे समुदाय की सामान्य इच्छा की अभिव्यक्ति है। हर व्यक्ति कानून का पालन कर अपनी इच्छा का ही पालन करता है।' यहीं से स्वतंत्रता के साथ नैतिक दायित्व का जुड़ाव प्रारंभ होता है। प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य है कि उसकी निजी स्वतंत्रता से किसी दूसरे के जीवन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता या सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचे। प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्र है किंतु नियमों, नैतिकता एवं समानता की उपेक्षा की शर्त पर नहीं।*

*देश के पहले प्रधानमंत्री और 'आधुनिक भारत के निर्माता' पंडित जवाहर लाल नेहरू का एक बड़ा मशहूर कथन है-'अराजकता की स्थिति में स्वतंत्रता का महत्व नहीं होता। स्वतंत्रता अनुशासन का पालन करती है।' दरअसल, सच्ची स्वतंत्रता एक अनुशासित ढांचे में ही संभव है, और भारत का संविधान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यह हमें बहुत सारे मौलिक अधिकार देता है लेकिन साथ ही नागरिकों के लिए कुछ कर्तव्य भी निर्धारित करता है। समस्या तब पैदा होती है जब राज्य या व्यक्ति द्वारा नियम और कानून को अपने निहित स्वार्थ की खातिर नजरअंदाज किया जाता है।*

*आज अराजकता का एक नया और खतरनाक रूप डिजिटल दुनिया में दिखाई देता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर फर्जी खबरों और घृणास्पद भाषणों का अनियंत्रित प्रसार एक प्रकार की बौद्धिक अराजकता पैदा करता है। इस माहौल में, हर कोई कुछ भी कहने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन यह स्वतंत्रता समाज में ध्रुवीकरण और अविश्वास का जहर घोल रही है। जब भीड़ बिना सोचे-समझे किसी अफवाह पर विश्वास करके हिंसक हो जाती है और कभी-कभी तो यह हत्या तक कर डालती है (मॉब लिंचिंग), तो यह उस अराजकता का वीभत्स रूप है जहां व्यक्ति की जीवन की सुरक्षा और न्याय पाने की स्वतंत्रता समाप्त हो जाती है।*

*दरअसल, हमें यह समझना होगा कि स्वतंत्रता का अर्थ मनमानी करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के साथ अपने अधिकारों का उपयोग और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना है। अराजकता, चाहे वह सड़कों पर हो या सोशल मीडिया पर, हमारी कड़ी मेहनत से अर्जित स्वतंत्रता को नष्ट कर देगी। एक मजबूत, प्रगतिशील और वास्तव में स्वतंत्र भारत का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक (चाहे वह सामान्य व्यक्ति हो या संवैधानिक पदों पर बैठे लोग) अनुशासन को एक बोझ के रूप में नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक आवश्यक उपकरण के रूप में अपनायेगा।*

# भारत @79: आर्थिक विकास की यात्रा और भविष्य की चुनौतियां

स्वतंत्रता दिवस विशेष

**डॉ. रितु माथुर**

जब भारत ने 15 अगस्त 1947 को आजादी हासिल की, तब देश का आर्थिक ढांचा कमजोर था, कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्था पर निर्भरता थी और औद्योगिक आधार सीमित था। लेकिन बीते 79 वर्षों में भारत ने एक कमजोर, गरीबी-ग्रस्त राष्ट्र से लेकर विश्व की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने तक एक लंबी और उल्लेखनीय यात्रा तय की है। यह सफर न सिर्फ आर्थिक सूचकांकों में, बल्कि सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक पहचान के स्तर पर भी अहम बदलाव लेकर आया।




**भारत की आजादी के 79 वर्षों की यह यात्रा हमें बताती है कि सही नीतियों, दूरदृष्टि और सामूहिक प्रयास से एक देश किस तरह गरीबी और निर्भरता से निकलकर वैश्विक शक्ति बन सकता है। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि आने वाले सालों में हमें असमानता, बेरोजगारी और पर्यावरणीय संकट जैसी चुनौतियों का समाधान करना होगा। इस समय भारत के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आर्थिक असमानता इसमें सबसे प्रमुख है। आने वाले सालों में भारत को आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन पर भी ध्यान देना होगा।**

1947 में भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपए (वर्तमान मूल्य में) थी और प्रति व्यक्ति आय मात्र 265 रुपए के आसपास थी। औद्योगिक उत्पादन का योगदान सीमित था और कृषि में कम उत्पादकता एक बड़ी चुनौती थी। उस समय के राजनीतिक नेतृत्व ने दूरदर्शिता और अपनी क्षमताओं के आधार भविष्य की नींव रखी। तत्कालीन सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से भारी उद्योग, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया। भाखड़ा-नांगल जैसी सिंचाई परियोजनाएं, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे उच्च शिक्षा केंद्र, और इस्पात कारखानों की स्थापना इसी दौर की उपलब्धियां हैं। 960 के दशक में खाद्यान्न की कमी से जूझते भारत ने हरित क्रांति का रास्ता अपनाया। उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएं और उर्वरकों के उपयोग से 1970 के दशक में भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की। 1950-51 में देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 50 मिलियन टन था, जो 2023-24 में बढ़कर 330 मिलियन टन से अधिक हो गया। यह न केवल खाद्य सुरक्षा की गारंटी बना, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली।

## आर्थिक उदारीकरण

1991 का आर्थिक सुधार भारत की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित हुआ। लाइसेंस-परमिट राज को खत्म करते हुए निजी निवेश, विदेशी पूंजी, और वैश्विक व्यापार के लिए दरवाजे खोले गए। 1990-91 में भारत की जीडीपी लगभग 275 अरब डॉलर थी, जो 2024 में बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। सेवा क्षेत्र, विशेष रूप से आईटी और बीपीओ उद्योग, ने भारत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई और निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। स्वतंत्रता के समय भारत में बिजली उत्पादन क्षमता केवल 1,362 मेगावॉट थी, जो 2024 में बढ़कर 430 गीगावॉट से अधिक हो गई है, जिसमें नवकरणीय ऊर्जा का हिस्सा लगभग 43 प्रतिशत है। परिवहन नेटवर्क में भी क्रांतिकारी बदलाव आया। आज भारत के पास 1.4 लाख किलोमीटर से अधिक का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क है, जो 1947 की तुलना में लगभग 20 गुना ज्यादा है।

## गरीबी में कमी

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 1973-74 में भारत की 55 फीसदी से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी, जबकि 2023 में यह घटकर लगभग 10 फीसदी के आसपास रह गई है। साक्षरता दर 1947 में लगभग 18 फीसदी थी, जो अब 77 फीसदी से अधिक है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के चलते औसत आयु 32 साल से बढ़कर 70 साल हो गई है।

## वर्तमान चुनौतियां: विकास की असमानता

प्रगति के ये आंकड़े प्रेरक हैं, लेकिन इस समय भारत के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आर्थिक असमानता इसमें सबसे प्रमुख है। ऑक्सफैम की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 1 प्रतिशत आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का लगभग 40 फीसदी हिस्सा है। इसी तरह बेरोजगारी के मोर्चे पर अभी काफी चुनौतियां हैं। 2024 में शहरी बेरोजगारी दर लगभग 7.5 फीसदी रही, जबकि युवाओं (15-24 आयु वर्ग) में यह 17 फीसदी से अधिक है। वहीं ऊर्जा सुरक्षा की बात करें तो भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 फीसदी कच्चे तेल के आयात से पूरा करता है, जिससे वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव का सीधा असर पड़ता है। पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ता जा रहा है। 2023 में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक रहा। जाहिर है कि आजादी के बाद से हम अपनी यात्रा में बहुत आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन 2047 तक एक विकसित समाज बनने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। स्वतंत्रता के बाद भारत की आबादी में एक अरब से अधिक लोग जुड़े हैं, पर अधिकांश क्रय शक्ति कुछ लोगों तक सीमित है। आज हम कृषि के मामले में आत्मनिर्भर हैं, लेकिन किसान इस पेशे से बाहर जा रहे हैं। साक्षरता दर के मामले में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, किंतु उच्च शिक्षा की गुणवत्ता अभी भी प्रमुख चिंता का कारण है। शीर्ष 100 क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में एक भी भारतीय विश्वविद्यालय या संस्थान नहीं है। देश के सामने रोजगार सृजन का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है। प्रति 1000 लोगों पर केवल 0.7 डाक्टर हैं, जबकि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि प्रति 1000 लोगों पर औसतन 2.5 डाक्टर होने चाहिए। भारत नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है, यदि इसके युवा उचित कौशल और शिक्षा से सुसज्जित हो जाएं।

## भविष्य की राह : सतत, समावेशी विकास

आने वाले सालों में भारत को आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन पर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए हरित ऊर्जा में निवेश बढ़ाना, ताकि 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य पूरा हो सके, कौशल विकास के जरिए युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना और प्रौद्योगिकी नवाचार को ऊर्जा दक्षता, कृषि सुधार और औद्योगिक उत्पादन में लागू करना जरूरी होगा। कुल मिलाकर, भारत की आजादी के 79 वर्षों की यह यात्रा हमें बताती है कि सही नीतियों, दूरदृष्टि और सामूहिक प्रयास से एक देश किस तरह गरीबी और निर्भरता से निकलकर वैश्विक शक्ति बन सकता है। यदि हम समावेशी और हरित विकास को अपनाते हैं, तो भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति बनेगा, बल्कि एक ऐसा देश होगा जहां विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंचेगा।

**(लेखिका, ऊर्जा आकलन एवं मॉडलिंग, द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) की निदेशक एवं वरिष्ठ फेलो हैं)**

# अन्याय के विरोध का जज्बा पैदा करना ही असली आजादी

आजादी का अर्थ

**विश्वनाथ सचदेव**

स्व'राज में राहत तो होगी/ मज़दूर मगर भूखा होगा/ उसके बदले की रोटी/ दौलत वाला खाता होगा... आज़ादी चीज तो अच्छी है/ लेकिन है पैसे वालों की/ मजदूर को मजदूरी करनी/ गोरों के बजाय कालों की... ।' यह पंक्तियां किसने लिखी हैं, यह तो नहीं पता, पर इतना अवश्य पता है कि आज़ादी की लड़ाई के दौरान कुछ लोग इस तरह के गीत भी गाया करते थे। मैंने अपने पिताजी से बचपन में ये पंक्तियां सुनी थीं और यह बात वे तब कहते थे जब देश में आर्थिक या सामाजिक विषमता का कोई मुद्दा उठता था। समानता और बंधुता के सारे दावों के बावजूद विषमता की खाइयों की गहराइयां कम नहीं हो रहीं। बड़े-बूढ़ों से यह बात हम अक्सर सुनते रहते हैं कि आज़ादी पा लेने के बावजूद देश में समानता का वह सपना कहीं पूरा होते नहीं दिखता जो हमारे स्वतंत्रता सेनानी देखा करते थे। यह एक सच्चाई अपने आप में बहुत कुछ कह देती है कि आज देश की आबादी के दस प्रतिशत ऊपरी हिस्से के पास देश की राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है! आज जबकि हम अपनी आज़ादी के 79 वें साल में दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर तेज़ी से बढ़ने के दावे कर रहे हैं, करोड़ों को गरीबी रेखा से उबारने की दुहाई दे रहे हैं, दुनिया की सबसे तेज़ी से सुधरती अर्थव्यवस्था होने का दम भर रहे हैं, स्वयं को विश्वगुरु मान रहे हैं तो यह सवाल उठना ही चाहिए कि देश की 80 प्रतिशत आबादी को सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रतिमाह 5 किलो अनाज पर जीवन-यापन क्यों करना पड़ रहा है? सरकारी मदद को भीख कहना अच्छा नहीं लगता है, पर हकीकत है- इससे भी तो इन्कार नहीं किया जा सकता।



**स्वराज का मतलब यह भी है कि हम सत्ता के अनुचित उपयोग के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी अपने भीतर जगायें? अन्याय के विरोध का भाव जगाना ही पर्याप्त नहीं है, अन्याय के विरोध की क्षमता भी स्वतंत्र देश के हर नागरिक में होनी चाहिए। एक स्वतंत्र समाज का दायित्व बनता है कि वह ऐसी स्थितियां बनाये कि हर नागरिक में अन्याय का विरोध करने की क्षमता जगे।**

बरसों पहले भारत की संसद में उठा तीन आने और तेरह आने वाला सवाल एक तरह से आज भी मुंह बाये हमारे सामने खड़ा है। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को चुनौती दी थी कि वे इस स्थापना को गलत साबित करके बतायें कि देश के 27 करोड़ लोग तीन आने से भी कम पैसे में अपना जीवन-यापन करने के लिए विवश हैं। तब प्रधानमंत्री नेहरू ने डॉ. लोहिया की इस स्थापना को ग़लत तो कहा था, पर उन पर देशद्रोही होने का आरोप नहीं लगाया था। आज़ादी की लड़ाई के दौरान स्वराज में मजदूर के भूखा सोने की बात कहने वाले की आलोचना तब भी होती थी, पर उन्हें देशद्रोही नहीं समझा जाता था।

आज जबकि हम आज़ादी की 79 वीं सालगिरह मनाए जा रहे हैं, हममें से हर एक को अपने आप से यह पूछना होगा कि सतत जागरूकता की इस कसौटी पर हम कितना सफल सिद्ध होते हैं?

स्वतंत्रता को किसी भी कीमत पर महंगी न समझने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, 'जब तक हम पूर्ण स्वतंत्र नहीं हैं, हम गुलाम ही हैं।' आज बापू के इन शब्दों को सही अर्थों में समझने की आवश्यकता है। पूरी आज़ादी का मतलब है समान अधिकारों और समान अवसरों के साथ जी पाना। क्या ऐसी स्थिति है हमारे देश में? हमारे संविधान का आमुख हर नागरिक को न्याय पाने का पूरा अधिकार देता है। समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता की यह स्थितियां क्या हमने पा ली हैं? एक सवाल और जो हमें अपने आप से पूछना चाहिए वह यह है कि क्या हम सचमुच स्वतंत्रता और स्वराज का मतलब समझते हैं? स्वतंत्रता बंधन से मुक्ति का नाम है और स्वराज का मतलब है निज-शासन की युक्ति। स्वतंत्रता कुछ बंधन लाती है अपने साथ। हम में से कितने लोग यह समझते हैं कि स्वराज का मतलब यह भी है कि हम सत्ता के अनुचित उपयोग के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी अपने भीतर जगायें? अन्याय के विरोध का भाव जगाना ही पर्याप्त नहीं है, अन्याय के विरोध की क्षमता भी स्वतंत्र देश के हर नागरिक में होनी चाहिए। एक स्वतंत्र समाज का दायित्व बनता है कि वह ऐसी स्थितियां बनाये कि हर नागरिक में अन्याय का विरोध करने की क्षमता जगे।

इस उत्सव की सार्थकता तभी होगी जब देश का हर नागरिक वह जीवन जी सके, जिसमें आज़ादी अपने पूरे के साथ को पुष्पित-पल्लवित होगी। सच्चा और पूरा स्वतंत्र समाज वही है जिसमें हर रंग के फूल अपनी गंध बिखेर रहे हों, जहां जाति के आधार पर आदमी और आदमी के बीच की दूरी नहीं होगी। रावी के तट पर हमने पूरी आज़ादी पाने की शपथ ली थी, उस आजाद भारत में ऊंच-नीच का कोई भेद नहीं होना था, धर्म की दीवार नहीं होनी थी, पूरी आज़ादी वाले उस समाज में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है, जहां धर्म बांटता नहीं, जोड़ता है, जहां पूजा-स्थल मनुष्यता के धर्म को परिभाषित करते हैं। पूरी आज़ादी वाला वह समाज अभी बनाना है हमें। आर्थिक असमानता और सामाजिक विषमता की दीवारों-खाइयों को ढहाने-पाटने की आवश्यकता को अनुभव करके ही हम अपना बेहतर भारत बना सकते हैं। सच कहूं तो तभी जयहिंद कहने का अधिकार मिलेगा हमें।

उलटबांसी

# मायने क्या हैं मेरे लिए स्वतंत्रता दिवस के?

**मुकेश नेमा**

**आखिर स्वतंत्रता है क्या? मैंने हर साल इस बारे में सोचा है। अपने आस पास देखा तो समझ आया कि जो है वो तो स्वतंत्रता जैसी नहीं लगती...तो फिर ? कुछ ऐसा हो कि जब हम वोट करें तो तब हमारी सोच अपनी जाति और धर्म की सीमा पार करने से झिझके नहीं।**

जब मै इसके बारे में सोचता हूँ तो वह यह है कि किसी खास के यहाँ पैदा हो जाना भर काफी ना हो। सभी के लिये बराबरी के मौके हों। ये मौके स्कूल जाने के भी हों और अस्पताल जाने के भी। हमें कोर्ट कचहरियों में बेशक लाईन में खड़ा होना पड़े पर सभी के लिये एक ही लाईन हो। हर लड़की पैदा हो सके। पढ़ लिख सके और हर सुनसान सड़क से बिना किसी डर के गुजर सके। हमारे देहात ऐसे हों कि शहर वाले वहाँ बसने की सोचें। हमारे किसान जो फसल हमारे लिये उगायें उसका स्वाद वो खुद भी ले पाएं और उससे उसे चार पैसों का मुनाफा भी हो। सीवर साफ करते वक्त मरे इंसान को भी सीमा पर मरने वालों जितनी ही इज्जत नसीब हो। हर आदमी वही कर सके जिसे करने में उसे खुशी मिलती हो। वो अपनी योग्यता के हिसाब से जगह और इज्जत हासिल कर सके। अपनी दिलचस्पियों को अपनी रोज़ी रोटी का जरिया बना सके और लोगों को भरोसा हो कि उसे जो मिल रहा है वह उसकी काबिलियत के हिसाब से वाजिब है। हम सभी इतना जरूर पढ़ लिख जायें कि हम अपने बेहतर कल के बारे मे कायदे से सोच सकें। जब हम वोट करें तो तब हमारी सोच हमारी जाति और धर्म की सीमा पार करने से झिझके नहीं। ऐसा हो सके कि हमारी झिझक कम घटिया चुनने के बजाय बेहतर उम्मीदवारों में से सबसे बेहतर को चुनने की हो। ऐसा हो सके कि हमारी विधानसभाओं की ज्यादातर सीटों पर करोड़पति ही काबिज ना हों। हमें ऐसे चेहरे देखने को मिलें वहाँ जो हमसे बेहतर दिमाग हों। हमारी विधानसभायें कम से कम कानून बनाएं। कानून लागू करने के लिये चाबुक की जरूरत कम से कम पडे पर कायदे से रहने वाले भी सराहे जाएँ। हमारा झंडा जब भी फहरे ,जहाँ भी फहरे ,हमारी आँखे चमक जाए। पर जब वो फहरे तो उठाने के लिये कोई डंडा लेकर सर पर सवार ना हो। हमारे उठने बैठने और खाने पीने के कायदे कोई दूसरे तय ना करें। यह डर ना सताये किसी को कि कोई हमारे किचन और फ्रिज में झाँक रहा है। या मेरे पहनावे की वजह से मुझे मार डाला जा सकता है। लोगों में समझ हो कि ऐसे कौन से मुद्दे हैं जो उनकी जिंदगी को प्रभावित करते हैं। वे उन पर ध्यान केंद्रित कर पाएं। हवा हवाई बातों पर वक्त खराब करने से बचें। ऐसे सवाल पूछने मे सक्षम हो जो उनकी जिंदगी को बेहतर बना सकते हो। जनता मालिक है देश की। मालिक होने का दायित्व और अधिकार निबाहने मे सक्षम हो उसे भीड़ मे बदलने के जतन होगें हमेशा, पर वह किसी के उकसावे में आने से बचना सीख सके। हमें साँस लेने के लिये मिलने वाली हवा और ताजा हो। सभी को ऐसा पानी नसीब हो जो पीने लायक हो। सभी की थाली में रोटी हो। जंगल ,पहाड़ो और नदियों पर रहम करना आ जाये हमें। हम इन्हे बेचने या पूजा करने के बजाय इन्हे जिलाये रहने भर की सोचें। यह समझा सके हम खुद को कि हम केवल ट्रस्टी है इनके और इन धरोहरों को अगली पीढ़ी को सही सलामत सौंपना हमारी जिम्मेदारी है। और इन सभी बातों से भी जरूरी बात... लोग बेझिझक बोल सकें। बोलते वक्त यह डर ना सताए उन्हें कि उनके विचार उन्हें किसी कोने में धकेले जाने की वजह बन सकते हैं। हम सभी में यह समझ पाने का धीरज हो कि विचारों को गोली से जीता जा सकना मुमकिन नही।

ऐसा होगा तो जरूर,पर मैं चाहता हूँ ये सब मेरे मर जाने के पहले हो।

॥गीता॥



**श्लोक**

**अष्टौ गुणा पुरुषं दीपयंति प्रज्ञा सुशीलत्वदमौ श्रुतं च।**
**पराक्रमश्चबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥**

**भावार्थ**

आठ गुण मनुष्य को सुशोभित करते है- बुद्धि, अच्छा चरित्र, आत्म-संयम, शास्त्रों का अध्ययन, वीरता, कम बोलना, क्षमता और कृतज्ञता के अनुसार दान।

जीवन दर्शन

# दुनियावी बंधनों से आजाद करो अपने मन को

भारत में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है। जहां सांसारिक अर्थ में स्वतंत्रता का मतलब होता है वह दिन जब एक देश किसी दूसरे देश के नियंत्रण से आजाद हुआ था, वहीं आध्यात्मिक अर्थ में स्वतंत्रता हमारी आत्मा की आजादी की ओर भी संकेत करता है।

हमारे अंतर की गहराई में है हमारी आत्मा, जो कि प्रकाश, प्रेम और शांति से भरपूर है। हमारे ये आत्मिक खजाने मन, माया, और भ्रम की परतों के नीचे छुपे रहते हैं। हमारा ध्यान अंदरुनी संसार के बजाय हर वक्त बाहरी संसार में ही लगा रहता है। हम अपने मन की इच्छाओं के जरिए अपने ऊपर पड़े पर्दे बढ़ाते रहते हैं, जिससे हमारे अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार में भी बढ़ोतरी होती चली जाती है।

क्या इन बाधाओं को तोड़कर अपनी आत्मा को अनुभव करने का कोई तरीका है?

इसके लिए हमें धरती के चारों कोनों में तलाश करने की जरूरत नहीं है। सौभाग्य से, युगों-युगों से संत-महापुरुष आत्मा के क्षेत्र में तरक्की करते रहे हैं। वे ऐसा करने में सफल रहे हैं, अपने ध्यान को अंतर में टिकाकर। जिसे मेडिटेशन, मौन प्रार्थना या अंतर्मुख होना भी कहा जाता है। वे हमें बताते हैं कि सच्ची आजादी हमें तभी मिलती है, जब हम शांत अवस्था में बैठते हैं, अपनी आंखें बंद करते हैं और अपने ध्यान को अंतर में केंद्रित कर प्रभु की ज्योति का अनुभव प्राप्त करते हैं। यदि हम अपनी आत्मा को ढकने वाली परतों को हटाने में सफल हो जाएं, तो हम अपने सच्चे आत्मिक स्वरूप को अवश्य देख पाएंगे जोकि प्रभु की दिव्य-ज्योति से प्रकाशमान है। जब हमारी आत्मा शरीर और मन की कैद से मुक्त हो जाती है, तो वो स्वतंत्र और खुश होकर ऊपर उठने लगती है। इस बाहरी संसार की समय और स्थान की सीमाओं से ऊपर उठकर वो अपने सच्चे अनंत अस्तित्व को पहचानने लगती है और इस भौतिक मंडल से परे के आध्यात्मिक मंडलों की खुशियों और आनंद का अनुभव करने लगती है। यह आध्यात्मिक यात्रा आरंभ होती है आंतरिक प्रकाश को देखने और आंतरिक ध्वनि को सुनने के साथ। इनमें अधिक से अधिक डूबते जाने से हमारी आत्मा शारीरिक चेतनता से ऊपर उठ जाती है और धीरे-धीरे अंड, ब्रह्मांड और परब्रह्म के रूहानी मंडलों से गुजरते हुए अपने निजधाम सचखंड वापस पहुंच जाती है। वहां हम अपनी आत्मा को उसकी निर्मल अवस्था में देख पाते हैं और अनुभव करते हैं कि वो परमात्मा का ही अंश है। वहां हमारी आत्मा फिर से अपने स्रोत परमात्मा में लीन हो जाती है और अंतहीन खुशियों, परमानंद और प्रेम से भरपूर हो जाती है। तो बाहरी स्वतंत्रता दिवस मनाने के साथ-साथ हमें आत्मिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की भी कोशिश करनी चाहिए। ऐसा करने के लिए हमें आंतरिक प्रकाश और ध्वनि पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे भीतर आत्मा की अपार शक्ति और ऊर्जा मौजूद है। आत्मा के अंदर विवेक, निर्भयता, अमरता, अनंत प्रेम और परमानंद के महान गुण हैं। अपनी आत्मा और उसकी अनंत शक्ति के साथ जुड़कर हमारा संपूर्ण जीवन ही परिवर्तित और निखर जाता है।

**संत राजिंदर सिंह जी**

## सीएम ने नई इमरजेंसी सर्विस डायल-112 का किया शुभारंभ, कहा...

# गैरकानूनी काम करने वालों पर खुले मन से एक्शन ले पुलिस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को एक बार फिर से दोहराया कि गैर कानूनी काम करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटे। इसके लिए उन्हें पूरी खुली छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध और गैरकानूनी काम करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। सीएम गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मध्यप्रदेश पुलिस की नई इमरजेंसी सर्विस डायल 112 का शुभारंभ करने के बाद मौजूद पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों व आमजन को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि प्रदेश के पुलिस कंट्रोल रूम नई तकनीक से लैस हुए हैं। एफआरवी वाहनों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। हमारे डायल-100 मॉडल को उत्तरप्रदेश व अन्य राज्यों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान चिकित्सकों के अलावा यदि किसी ने मेहनत की, तो एक सफाई कर्मी और उनके आगे पुलिस के जवान, जिन्होंने किसी भी तरह भय आशंका किए बिना अपने दायित्वों का निर्वाहन किया। सीएम ने कहा कि लॉन्च हुए डायल-112 के साथ प्रदेश देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगा। यह त्वरित प्रक्रिया और सहायता का वादा है। इस सेवा से लोगों को कई तरह की आपात स्थिति में हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि आज मिनिमम गवर्मेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का दौर है, जिसमें डायल 112, वन नंबर फॉर ऑल सर्विसेज की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डायल 112 सेवा देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी। राज्य सरकार ने इन वाहनों के लिए बजट बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपए से अधिक किया है। राज्य सरकार के लिए प्रदेशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मध्यप्रदेश पुलिस सुरक्षा मानकों के पैमाने पर खरी उतरी है।






### एक्सटेंशन की फाइल से आने लगा था गुस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे उन्हें गुस्सा कम आता है, लेकिन पुलिस अधिकारी डायल-100 के एक्सटेंशन के लिए बार-बार फाइल लाते थे कि इसे छह महीने के लिए बढ़ा दो, तीन महीने के लिए बढ़ा दो, तो गुस्सा आने लगा था। इसलिए मैंने फायनल डेट तय की और पुलिस के मुखिया ने इसे कर दिखाया। इससे पहले सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर डॉयल 112 वाहन का लोकार्पण किया और जिलों में भेजे जाने वाले वाहनों को झंडी दिखाई। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि आज डायल 112 के लोकार्पण का ऐतिहासिक दिन है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 2015 के अवसर पर राज्य में डायल 100 व्यवस्था लागू की गई थी, हमारे एक हजार डायल 100 वाहनों के माध्यम से लाखों नागरिकों की सहायता की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डायल 112 वाहनों की संख्या में 200 वाहन बढ़वाए हैं। आज कुल 1200 फर्स्ट रेस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) वाहनों का फ्लैग ऑफ हो रहा है। इनमें स्कॉर्पियो, बुलेरो नियो जैसी गाड़ियां शामिल हैं। डायल 112 को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ लॉन्च किया जा रहा है।

# पीजी में प्रवेश का एक और मौका

## 19 अगस्त तक ऑनलाइन होंगे पंजीयन, 25 को होगा सीटों का आवंटन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी और निजी कालेजों के पीजी कोर्स में प्रवेश देने के लिए एक और सीएलसी खोल दी है। जबकि यूजी के प्रवेश पर रोक लगा दी है। यूजी में गत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान सत्र में करीब 33 हजार प्रवेश कम हुए हैं। वहीं पीजी में करीब नौ हजार प्रवेश हुए हैं। हालांकि पीजी में प्रवेश का ग्राफ ऊपर उठाने के लिए विभाग ने विद्यार्थियों को 23 अगस्त तक का समय दिया है। कालेजों में यूजी और पीजी में प्रवेश के दौरान गड़बड़ी हुई है। दोनों कोर्स में गत वर्ष की अपेक्षा प्रवेश काफी कम हैं। जबकि 12वीं का रिजल्ट गत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान सत्र में अच्छा रहा है। इसके बाद विभाग ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को प्रवेश तो नहीं दे पाया है, बल्कि गत वर्ष की अपेक्षा प्रवेश में काफी पिछड़ गया है। जबकि 12वीं का रिजल्ट बेहतर होने के कारण प्रवेश का ग्राफ ऊपर जाना चाहिए था। प्रवेश में हुई गिरावट की वजह कोई और नहीं बल्कि अधिकारियों की लापरवाही और काउंसलिंग का सही तरीके से संचालन नहीं कराना है। गत वर्ष यूजी में तीन लाख 91 हजार 580 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था। वर्तमान में दो काउंसलिंग और तीन सीएलसी के बाद विभाग तीन लाख 58 हजार प्रवेश हुए हैं। अभी भी विभाग गत वर्ष के आंकडे से करीब 33 हजार के फासले पर बना हुआ है। इसी तरह पीजी में गत वर्ष एक लाख 15 हजार विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था। जबकि वर्तमान में एक लाख छह हजार 500 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए है, जो गत वर्ष से करीब नौ हजार कम है।

### प्रवेश कार्यक्रम

पीजी में प्रवेश कराने विभाग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। विद्यार्थी 15 से 19 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/ आवेदन कर सकेंगे। सत्यापन 15 से 20 अगस्त तक होगा। विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान और समय की सूचना 21 अगस्त को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर पात्रता की प्रविष्टि 22 से 23 अगस्त तक होगी। विद्यार्थियों को कालेजों में सीट का आवंटन 25 अगस्त को होगा। आवंटित कालेज में प्रवेश शुल्क का भुगतान 25 से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा।

## न्यू मार्केट: नो व्हीकल जोन में खड़े किए वाहन तो पुलिस व निगम करेगा जब्त

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** न्यू मार्केट सहित शहर के अन्य बाजारों में अब नो व्हीकल जोन में वाहन खड़ा करना घाटे का सौदा साबित हो सकता है। दरअसल नगर निगम अमले ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर नो व्हीकल जोन में खड़े वाहनों को जब्त करना शुरू कर दिया है। अमले ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए न्यू मार्केट इलाके में नो-व्हीकल जोन में अवैध रूप से खड़े 20 दो पहिया वाहन जप्त किए। बता दें कि कलेक्टर भोपाल के आदेश पर न्यू मार्केट इलाके तक सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों को मल्टी लेवल पार्किंग में ही पार्क करना होगा। अन्यथा नगर निगम चालानी कार्रवाई कर वाहनों को जब्त करेगा। जल्दी ही बिट्टन मार्केट, 10 नंबर सहित अन्य बाजारों में भी नियमों को पालन कराने के लिए सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। निगम अमले ने शहर के फुटपाथ व सड़क के किनारे सामान रखने वाले दुकान संचालकों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। जहांगीराबाद, लिली टॉकीज, शाहजहांनाबाद सहित कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया।

# मुख्यमंत्री ने किसानों के खातों में अंतरित की सम्मान निधि

## मंडला में आयोजित बलराम जयंती समारोह में हुए शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव गुरुवार को मंडला में बलराम जयंती समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश के 82 लाख से अधिक किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की 1671 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। यहां सीएम ने भगवान बलराम को याद करते हुए कहा कि वे कृषि संस्कृति के जनक हैं। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान बलराम हलधर, बलशाली, मेहनतकश, शुद्ध हृदय और पराक्रमी थे। उनका जन्म दिवस हल षष्ठी के रूप में संतान के कल्याण के लिए भी मनाया जाता है। वे आदर्श पुत्र और आदर्श भ्राता थे। विश्व में तीन भाइयों राम लक्ष्मण, श्रीकृष्ण बलराम और विक्रमादित्य एवं भर्तृहरि की जोड़ी आदर्श हैं। ये हमारी सनातन संस्कृति की गौरव पताका और हमारे आदर्श हैं। बलराम जयंती के अवसर पर हम उन्हें स्मरण करें और उनके आदर्शों को जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री ने कहां से हमारे किसान और जवान दोनों धन है। एक तरफ अन्नदाता किसान जी-जान लगाकर खेती करता है और हम सब का पेट भरता है। वही हमारे जवान सीमा पर जान जोखिम में डालकर निरंतर हमारी सुरक्षा करते हैं। जब-जब देश के दुश्मनों ने हम पर आंख उठाई, हमारे जवानों ने मुंह तोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का उदाहरण है। मध्यप्रदेश भारत का सबसे तेज गति से उन्नति करता राज्य है। वर्ष 2023 तक मध्यप्रदेश में सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी नियतांक अभाव था वही बीते लगभग 20 वर्षों में प्रदेश में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बीते सवा साल में प्रदेश में लगभग साढ़े लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ा है।

**सरकार और भाजपा पर जमकर साधा निशाना**

# संवैधानिक अधिकारों के लिए कांग्रेस आवाज करेगी बुलंद

## भोपाल में कैंडिल मार्च तो ग्वालियर में निकाली वोट सत्याग्रह न्याय यात्रा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को वोट चोरी मामले में भोपाल स्थित कमला नेहरू स्कूल के पास कैंडिल मार्च निकाला जो रोशनपुरा पर समाप्त हुआ। मार्च में दिग्विजय सिंह, पीसी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वहीं ग्वालियर में भी वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा निकाली। नेताओं ने सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों के लिए हम अपनी आवाज बुलंद रखेंगे। ग्वालियर विधानसभा में आयोजित वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश




चौधरी ने कहा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हो रहे हमलों को रोकना और मताधिकार की पवित्रता को बचाना आज हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी लोकतंत्र की जड़ें कमजोर करने की कोशिश है व कांग्रेस डटकर मुकाबला करेगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा हमारी आन, बान, शान हमारा तिरंगा है। देश में वोट चोरी की साजिशों के खिलाफ यह संघर्ष सिर्फ वोट का नहीं, बल्कि देश की आत्मा को बचाने का है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ग्वालियर में वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोकतांत्रिक न्याय व संवैधानिक अधिकारों की आवाज उठाई है। वोट चोरी के जिम्मेदारों को कटघरे में खड़ा किया जाएगा। 'एक व्यक्ति, एक मत' की व्यवस्था स्वस्थ और समृद्ध लोकतंत्र के लिए जरूरी है, किंतु भाजपा ने प्रजातंत्र का अपमान करते हुए वोट चोरी का संगठित अपराध किया है।

# लंदन की गलियों से भारत तक गूंजा देशप्रेम

## प्रेम दिविता जुनेजा का 'आई लव माय इंडिया' कर रहा है ट्रेंड




**मुंबई।** 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का तीसरा और सबसे खास गाना 'आई लव माय इंडिया' भव्य अंदाज में जी म्यूजिक कंपनी पर रिलीज कर दिया गया है। गीत में एक भारतीय के दिल में बसी देशभक्ति और जड़ों से जुड़ेपन की भावना को बेहद खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस जोशीले और दिल को छू जाने वाले गीत को स्वर दिए हैं। लोकप्रिय गायक जावेद अली और सुरीली आवाज की मालकिन निखिता गांधी ने। संगीतकार तनिष्क बागची की रचना ने गाने को आधुनिकता और पारंपरिक भावनाओं का अद्भुत मेल बना दिया है। इस गाने की जान हैं फिल्म की मुख्य अदाकारा दिविता जुनेजा, जिनका अभिनय, अभिव्यक्ति और आंखों से बहता भाव आज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। लंदन जैसे आधुनिक और विदेशी शहर की गलियों में जब दिविता भारत के लिए अपने प्रेम को व्यक्त करती हैं, तो हर भारतीय दर्शक उस भाव को अपनी आत्मा में महसूस करता है। उनकी बॉडी लैंग्वेज, एक्सप्रेशंस और स्क्रीन प्रेजेंस इस गाने में उन्हें एक नई ऊँचाई तक ले जाती है। 'हीर' का किरदार इस गाने के जरिए दर्शकों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है। 'आई लव माय इंडिया' को फिल्माया गया है लंदन की फेमस लोकेशंस पर, लेकिन इसके हर फ्रेम में भारत की आत्मा रची-बसी नजर आती है। चाहे वो दिविता का भाव हो या कोरियोग्राफी के जरिए दिखाई गई संस्कृति, हर दृश्य दर्शकों को यह एहसास कराता है कि देश की मिट्टी से दूरी बढ़ सकती है, लेकिन प्यार नहीं। आदिल शेख की कोरियोग्राफी ने देशभक्ति को केवल कदमों में नहीं, बल्कि भावों में ढाल दिया है।

# पीएमश्री स्कूल छात्रावास में सत्याग्रह : सात घंटे छात्रों ने खुद को रखा बंद, कलेक्टर से बात करके ही माने

## छात्रों का आरोप-बिजली नहीं, गंदा पानी मिलता है, प्राचार्य देते हैं निकालने की धमकी



**जागरण, सतना।** स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले प्रदेश के सतना में छात्रों का सत्याग्रह देखने को मिला। मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से नाराज पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में 560 छात्रों ने गुरुवार को खुद को छात्रावास में बंद कर लिया। बच्चों की शिकायत है कि यहां नियमित घंटों बिजली कटौती होती है, जिससे कक्षाओं में पंखे नहीं चलते। गर्मी के मारे वे परेशान हैं। साथ ही पीने का पानी भी गंदा मिल रहा है। मेस की व्यवस्था खराब है। समय पर खाना नहीं मिलता। खाना भी मेन्यू के अनुसार नहीं परोसा जाता। प्राचार्य से शिकायत करने पर छात्रों स्कूल से निकालने की धमकी दी जाती है। यूनिफॉर्म और जूते-चप्पल भी समय पर नहीं दिए जाते। समस्या का समाधान नहीं होने पर बच्चों ने खाना-पीना छोड़ने की चेतावनी भी दी है। तकरीबन 7 घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम ने बच्चों की कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस से बात कराई। कलेक्टर ने सभी को आश्वस्त किया, जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन खत्म किया।

### कलेक्टर ने छात्रों से कहा-टीम से जांच कराएंगे

एसडीएम जितेंद्र वर्मा की छात्रों के साथ ढाई घंटे चर्चा चली। इस दौरान एसडीएम ने फोन पर कलेक्टर से छात्रों की बात कराई। कलेक्टर ने सारी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। एसडीएम ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जांच टीम गठित की है, जो उन्हें सीधे रिपोर्ट करेगी।

# उम्र का बंधन हटा, 70 हजार छात्रों को मिलेगा 9वीं में प्रवेश

## अब 13 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों का भी 9वीं में होगा प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के हजारों विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग ने राहत देते हुए उम्र के बंधन को हटा दिया है। अब 13 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों का भी नवमीं में प्रवेश होगा। इससे प्रदेश के करीब 70 हजार विद्यार्थियों को आसानी से नवमीं कक्षा में प्रवेश मिल सकेगा। पूर्व में विद्यार्थी की उम्र 13 साल से कम होने पर 9वीं में प्रवेश रोक दिया जाता था। 13 की उम्र पूरी करने के बाद ही प्रवेश मिल पाता था। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ओएल मंडलोई ने उम्र का बंधन हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने पहली कक्षा में बच्चे के प्रवेश की न्यूनतम आयु सीमा पांच वर्ष कर दी है। अब माशिमं ने भी नवमीं के प्रवेश में न्यूनतम आयु 13 साल (5 प्लस 8) कर दी है, जबकि कई विद्यार्थी शासकीय स्कूलों में आठवीं तक निरंतर पढ़ते हुए वर्तमान में 12 साल के भी हैं, जिन्हें इस आदेश से राहत मिलेगी।

### पांच साल हो गई प्रवेश की आयुसीमा

मप्र स्कूल शिक्षा विभाग प्रारंभिक कक्षा के नाम पर बच्चों को 3 से 5 साल की उम्र में आंगनबाड़ी में प्रवेश दिलाता है। इसके बाद विद्यार्थी चार या पांच साल में पहली कक्षा में प्रवेश लेते हैं। आठवीं पास करने के बाद विद्यार्थियों की उम्र 12 या 13 साल के आसपास होती है, लेकिन राच्य शिक्षा केंद्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पहली में प्रवेश की न्यूनतम आयु पांच साल कर दी है। इससे आठवीं पास होने तक विद्यार्थी 13 साल का होगा। यह नियम दो साल पहले से लागू हुआ है, लेकिन जिन विद्यार्थियों ने आठ साल पहले प्रवेश लिया उनके लिए भी माशिमं ने यह नियम लागू कर दिया। इससे हजारों विद्यार्थियों की उम्र 13 साल से कम है। माशिमं स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों को लेकर मार्गदर्शिका जारी करता है। इस कारण हजारों विद्यार्थियों का नवमीं में नामांकन अटक गया था। अब राच्य शासन द्वारा नियमों में शिथिलता देने से सभी विद्यार्थियों का नवमीं में प्रवेश हो सकेगा।

**सफलता** जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित थी मरीज

# बीएमएचआरसी में 13 साल की बच्ची को डुअल चेंबर पेसमेकर लगाकर बचाई जान



**जागरण, भोपाल।** भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) के कार्डियोलॉजी विभाग ने एक दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। यहां 13 वर्ष की गैस पीड़ित आश्रित बालिका को इमरजेंसी में डुअल चेंबर पेसमेकर लगाकर जान बचाई गई। अब बालिका की हालत बेहतर है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। यह प्रक्रिया सहायक प्रोफेसर डॉ. अमन चतुर्वेदी और उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। बीएमएचआरसी के कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमन चतुर्वेदी ने बताया कि यह मरीज जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित थी। तीन वर्ष की आयु में उसके दिल में छेद का ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद उसे हार्ट ब्लॉक हो गया। यानी हृदय की धड़कन असामान्य रूप से धीमी हो गई। उसे चक्कर आना, आंखों के सामने अंधेरा छा जाना जैसी परेशानियां होने लगीं। हार्ट ब्लॉक की स्थिति में, बचपन में ही उसे एपिकार्डियल पेसिंग डिवाइस लगाई गई। इस प्रक्रिया में पेसमेकर के तार हृदय की बाहरी सतह पर लगाए जाते हैं, जो आमतौर पर छोटे बच्चों में अपनाई जाती है, क्योंकि उनके हृदय का आकार छोटा होता है। इस डिवाइस की आयु लगभग 10 वर्ष होती है। डिवाइस की अवधि पूरी होने के बाद हाल ही में मरीज को फिर से वही लक्षण होने लगे। बीएमएचआरसी में जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि अब उसे एक स्थायी और अधिक उन्नत पेसमेकर की आवश्यकता है। आपातकालीन स्थिति में टीम ने सफलतापूर्वक डुअल चेंबर पेसमेकर प्रत्यारोपित किया। इस जीवनरक्षक प्रक्रिया को अंजाम देने वाली टीम में कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कपिलकांत त्रिपाठी, डॉ. नुपुर गोयल, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनुराग ठाकुर एवं अन्य सदस्य शामिल थे।

### क्या है डुअल चेंबर पेसमेकर

पेसमेकर एक छोटा उपकरण होता है, जो दिल की धड़कन को नियंत्रित करता है। सिंगल चेंबर पेसमेकर हार्ट के सिर्फ एक चेंबर को इलेक्ट्रिक सिग्नल देता है, जबकि डुअल चेंबर पेसमेकर दिल के दो भागों ऊपरी (एट्रियम) और निचले (वेन्ट्रिकल) चेंबरों को दोनों को सिग्नल भेजता है, जिससे दिल की धड़कन और भी प्राकृतिक तरीके से चलती है। बच्ची के मामले में डुअल चेंबर पेसमेकर इसलिए लगाया गया क्योंकि उसकी स्थिति अधिक जटिल थी। बेहतर तालमेल के लिए दोनों चेंबर एक साथ सिग्नल देना जरूरी था।

## 19 से शुरू होगी बीई और एमबीए की चौथी सीएलसी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने इंजीनियरिंग, एमबीए, बीबीए, बीसीए सहित करीब 22 कोर्स में प्रवेश कराने चार सीएलसी का कार्यक्रम जारी कर दिया है। चौथी सीएलसी 19 से 22 अगस्त तक चलेगी। पांचवीं 25 अगस्त से दो सितंबर तक, छठवीं तीन से नौ सिलंबर तक और सातवीं सीएलसी दस से 15 सितंबर तक चलेगी। बीई की 74 हजार 722 सीटें हैं। इसमें से 44 हजार 800 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। 30 हजार सीटें खाली हैं। बीबीए, एमबीए, बीसीए और एमसीए भी प्रवेश ज्यादा असरदार नहीं दिखाई दे रहे हैं। बीबीए की 32,047 सीटों में से 18,168 प्रवेश हुए हैं। एमबीए की 51,529 में से 27,823 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। अभी 23 हजार 706 सीटें रिक्त हैं। बीप्रोफ, एमप्रोफ, बीडिजाइन और डीप्रोफ जैसे कोर्स को विद्यार्थियों ने नकार दिया है।

## भाजयुमो नेता मानव घनघोरिया की जमानत अर्जी निरस्त

**जबलपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन ज्योतिषी की अदालत ने प्राणघातक हमले के आरोपी भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता मानव घनघोरिया की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। राज्य की ओर से एजीपी सुशील सोनी व आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष पांडे ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि संचार नगर, दीनदयाल चौक निवासी गौरव बाजपेयी अपनी पत्नी के साथ घर के सामने दुकान पर बैठे थे। तभी आरोपी कार पर सवार होकर पांच छह साथियों के साथ पहुंचा और गौरव को फुटपाथ पर बुलाकर 20 हजार की मांग की। मांग पूरी न करने पर चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया। साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## पत्नी के मायके जाने के बाद पति ने किया सुसाइड

**जागरण, भोपाल।** छोला में पत्नी के मायके जाने के बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है। गुरुवार दोपहर पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि पत्नी से विवाद की बात सामने आई है। भारत प्रजापति पुत्र हीरालाल प्रजापति (35) निवासी जैन मंदिर के पास ईरानी डेरा भानपुर ड्राइवरी करता था। उसकी पत्नी का मायका बर्री जिला रायसेन में है। विवाद के बाद पत्नी बेटी और बेटे को लेकर मायके चली गई थी। इसके बाद युवक घर से बाहर नहीं निकला। पड़ोस में रहने वाले दोस्त ने बुधवार रात उसे काफी कॉल किए। जब उसने रिस्पांस नहीं किया तो देर रात दोस्त चेक करने उसके किराए के कमरे में पहुंचा। दोस्त ने घर पहुंचने के बाद काफी आवाजें दीं। गेट अंदर से लॉक था लेकिन अंदर से जवाब नहीं मिल रहा था। तब दोस्त ने एक खिड़की से अंदर झांका तो दोस्त का शव फंदे पर लटका हुआ दिखा।

## न्यूनतम विद्युत दुर्घटना के लिए भोपाल को राज्य स्तरीय पुरस्कार

**विसं भोपाल।** न्यूनतम विद्युत दुर्घटना (वर्ष 2024-25) का पुरस्कार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल संचारण संधारण वृत्त को स्वतंत्रता दिवस पर मप्र पॉवर सेक्टर के मुख्यालय शक्ति भवन, जबलपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भोपाल ओएंडएम वृत्त के अंतर्गत एसटीसी-एसटीएम संभाग के उप महाप्रबंधक आफताब बेग प्राप्त करेंगे। गौरतलब है कि एम.पी.पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर न्यूनतम विद्युत दुर्घटना वाले वृत्त को पुरस्कृत किया जाता है। बीते वर्ष 2024-25 में न्यूनतम विद्युत दुर्घटना वाले वृत्त के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संचारण संधारण वृत्त भोपाल का चयन किया गया है।

### उप्र के बदमाशों ने की थी गुना में एटीएम कटिंग, दो गिरफ्तार, एक फरार

## आठ लाख चुराकर 90 हजार के जले नोट नदी में फेंके

**जागरण, गुना।** शहर के ओद्योगिक क्षेत्र में बीते दिनों एसबीआई का एटीएम गैस कटर से काटकर चोरी करने वाले उप्र के गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2.05 लाख रुपए बरामद किए हैं। तीसरे फरार आरोपी फिलहाल तलाश की जा रही है। आरोपी गैस कटर का इस्तेमाल कर 7.99 लाख रुपए ले जाए गए थे। एफएसएस कंपनी के कर्मचारी शादिक खान ने मामले की शिकायत की थी। आरोपियों ने पूछताछ



में बताया कि 500 की एक गड्डी और 200 की दो गड्डी जलकर नष्ट हो गईं, जिनकी कुल कीमत 90 हजार थी। इन नोटों को आरोपियों ने नदी में फेंक दिया था। बाकी 7,09,400 रुपए तीन हिस्सों में बांटे गए।

**ग्वालियर से नोएडा तक तलाश :** पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में ग्वालियर, नोएडा, गुरुग्राम, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान पहुंची। मुखबिर की मदद से गुरुवार सुबह संदिग्ध कार एक स्थान पर खड़ी मिली। कार में बैठे दो लोगों को पकड़कर नाम पूछे तो उन्होंने खुद को मनपाल राजपूत और राहुल उर्फ लल्लू राजपूत, दोनों कासगंज (उत्तर प्रदेश) निवासी बताया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।

## मैदान से हटकर

### मनु भाकर के वायलिन से निकली 'जन गण मन' की धुन

डबल ओलंपिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर ने देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने खास अंदाज में देश को सलाम किया। मनु भाकर शूटिंग के लिए फेमस हैं, लेकिन उन्होंने अलग अंदाज में अपने फैंस को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। मनु भाकर ने अपने सोशल हैंडल्स पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह वायलिन पर राष्ट्रगान की धुन बजाते हुए नजर आईं। मनु ने वीडियो के कैप्शन में भावुक शब्दों में लिखा, इस स्वतंत्रता दिवस पर उस धुन को बजाने की कोशिश की, जो मेरे दिल के सबसे करीब है। हर बार जब मैं भारत का प्रतिनिधित्व करती हूं, मेरी इच्छा रहती है कि मैं पोडियम पर खड़ी होकर राष्ट्रगान सुनूं। आमतौर पर हम बैठकर वायलिन बजाते हैं, लेकिन इस बार अनायास ही खड़े होकर बजाया। यह देश के प्रति वो सम्मान है, जिसे शब्दों में नहीं बयां किया जा सकता। जय हिंद! पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने भारत के लिए पहला मेडल जीता था। उन्होंने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता था और वह ओलंपिक में मेडल जीतने वालीं भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। इसके बाद सरबजोत सिंह के साथ मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में एक और कांस्य पदक जीतकर भारत को ओलंपिक में पहला शूटिंग टीम मेडल दिलाया था। मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में मेडल की हैट्रिक लगाने से चूक गई थीं, जब उन्होंने अपने अंतिम इवेंट (25 मीटर पिस्टल) में चौथा स्थान हासिल किया। वह ओलंपिक में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने से बस एक कदम दूर रह गईं। टोक्यो ओलंपिक 2021 में मनु को गन में खराबी के कारण झटका लगा था, जिसकी वजह से वह पदक से चूक गई थीं। ओलंपिक के अलावा मनु भाकर ने कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में भी भारत का मान बढ़ाया है। (जेएनएन)



## खेल एक नजर

### 'इंटरनेशनल यूथ गाला' में चुनौती पेश करेंगे भारतीय मुक्केबाज

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत का 40 खिलाड़ियों सहित 59 सदस्यीय दल चीन के झिंजियांग प्रांत के उरुमकी में 17 से 30 अगस्त तक चलने वाले तीसरे 'बेल्ट एवं रोड' 'इंटरनेशनल यूथ गाला' मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगा। भारतीय दल में 20 लड़कों और 20 लड़कियों के अलावा 12 कोच, छह सहायक कर्मचारियों और एक रेफरी शामिल हैं। यह दल चीन पहुंच चुका है। चीन मुक्केबाजी महासंघ और झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र सरकार द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरुआत 17 से 25 अगस्त तक उरुमकी में एक प्रशिक्षण शिविर से होगी। इसके बाद 26 से 29 अगस्त तक उरुमकी और यिली में प्रतियोगिता चरण आयोजित होंगे। भारत की ओर से इस आयोजन में सिर्फ अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भाग ले रहे हैं। मुक्केबाजों का चयन छठी अंडर-17 जूनियर लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया है, जिसमें एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों में स्वर्ण और रजत पदक विजेता और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों में स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। मुक्केबाज इस दौरान कई भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंडर-17 लड़के और लड़कियां 46 किग्रा, 48 किग्रा, 50 किग्रा, 52 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 63 किग्रा, 66 किग्रा, 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा और 80 से अधिक किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिता में भाग लेने से भारत के युवा मुक्केबाजों को मजबूत वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बहुमूल्य अनुभव प्राप्त होने की उम्मीद है। भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष की शुरुआत में एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में टीम 43 पदकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी।

### लिवरपूल का प्रीमियर लीग में जीत के साथ आगाज

**लिवरपूल, जेएनएन।** गत चैम्पियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रृद्धांजलि दी जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिये 88वें मिनट में फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी। मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिये रूका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढत उतार दी थी। पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिये 'डीजे20' और 'एएस 30' के प्लेकार्ड ले रखे थे।



# गंभीर चोट लगने पर मिलेगा दूसरे खिलाड़ी को मौका

## बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट के लिए बदला सीरियस इंजरी रिप्लेसमेंट नियम





**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्लेइंग कंडीशंस में बदलाव करते हुए आने वाले घरेलू सीजन में इंजरी रिप्लेसमेंट की इजाजत दे दी है। अगर किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट लगती है और वह मैच में आगे खेलने की स्थिति में नहीं होता है तो उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को मौका मिलेगा। यह नियम मल्टी-डे घरेलू मैचों में लागू होगा। यानी ऐसे मैचों में जो एक से ज्यादा दिन तक चलते हैं। इंग्लैंड में हाल ही में हुई एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज में ऋषभ पंत को चोट लगी थी। इसके बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स भी चोटिल हुए थे। नियमों के मुताबिक किसी खिलाड़ी को तभी रिप्लेस किया जा सकता है जब चोट सिर में लगी हो। इसे कनकनशन रिप्लेसमेंट कहते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में यही नियम लागू है। हालांकि, भारत में होने वाले घरेलू क्रिकेट के लिए बीसीसीआई ने बाकी चोट में भी रिप्लेसमेंट की अनुमति देने का फैसला किया है।

### अंपायरों की वर्कशॉप में जानकारी दी

नए प्लेइंग कंडीशंस की जानकारी बीसीसीआई ने अहमदाबाद में अंपायरों की चल रही वर्कशॉप में दी। बीसीसीआई ने साफ किया है कि यह नियम सफेद गेंद क्रिकेट (सैयद मुश्ताक अली, विजय हजारे) में लागू नहीं होगा। आईपीएल में यह लागू होगा या नहीं, यह अभी तय नहीं है। लेकिन सीके नायडू ट्रॉफी (-19 मल्टी-डे टूर्नामेंट) में यह लागू रहेगा।

### रिप्लेसमेंट के लिए क्या हैं नियम

- ग्राउंड में मौजूद ऑनफील्ड अंपायर गंभीर चोट का आकलन करेंगे और रिप्लेसमेंट की इजाजत देंगे। वे मैच रेफरी और डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।
- टीम मैनेजर को मैच रेफरी को एक फॉर्म देना होगा जिसमें चोटिल खिलाड़ी का नाम, चोट कब और कैसे लगी, और यह पुष्टि हो कि वह आगे नहीं खेल सकता। रिप्लेसमेंट खिलाड़ी का नाम, जो लाइक फॉर लाइक (समान भूमिका वाला) होना चाहिए।
- रिप्लेसमेंट केवल उन्हीं खिलाड़ियों में से चुना जाएगा जो टॉस के समय बतौर सब्स्टीट्यूट नामित किए गए हों। सिर्फ विकेटकीपर की गंभीर चोट की स्थिति में बाहर से कीपर बुलाने की अनुमति होगी।
- मैच रेफरी का फैसला आखिरी होगा, किसी टीम को अपील का हक नहीं होगा। रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को वही पेनल्टी, वार्निंग या टाइम आउट लागू रहेंगे जो चोटिल खिलाड़ी पर थे। एक बार रिप्लेसमेंट मान्य हो गया तो चोटिल खिलाड़ी मैच में दोबारा नहीं लौट सकेगा। दोनों खिलाड़ी (चोटिल और रिप्लेसमेंट) रिकॉर्ड और आंकड़ों में मैच खेले माने जाएंगे।



"मैं बिल्कुल इसके पक्ष में हूं। अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि चोट गंभीर है, तो सब्स्टीट्यूट देना बहुत ज़रूरी है। इसमें कोई बुराई नहीं है, खासकर ऐसी सीरीज में जहां पहले तीन टेस्ट कड़े मुकाबले रहे हों। सोचिए हमें 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ता तो कितना दुर्भाग्यपूर्ण होता। - गौतम गंभीर



"यह बिल्कुल मजाक है। इससे टीमें कमजोरियां ढूंढ लेंगी। आप जब 11 चुनते हैं तो चोट भी खेल का हिस्सा है। मैं कन्कशन रिप्लेस-मेंट समझता हूं, क्योंकि उसमें प्लेयर की सुरक्षा की बात है। लेकिन इंजरी रिप्लेसमेंट पर बात बंद होनी चाहिए। -बेन स्टोक्स

### दक्षिण अफ्रीका-आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा मैच का मुकाबला निर्णायक और रोमांचक रहा

# ग्लेन मैक्सवेल बने खूंखार, साउथ अफ्रीका के मुंह से ऑस्ट्रेलिया ने छीनी जीत, सीरीज भी अपने नाम की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा और निर्णायक मुकाबला काफी ज्यादा रोमांचक रहा। ग्लेन मैक्सवेल की तूफानी फिफ्टी के चलते ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से हरा दिया और 2-1 से यह सीरीज अपने नाम कर ली। आखिरी बॉल तक इस बात का अंदाजा नहीं था कि कौन जीतने वाला है। आखिरी 2 बॉल में जीत के लिए कंगारू टीम को 4 रन की जरूरत थी। मैक्सवेल स्ट्राइक पर थे और उन्होंने रिवर्स स्वीप खेलते हुए लुंगी एनगिडी की गेंद पर चौका लगा दिया। ग्लेन मैक्सवेल ने 36 गेंद में 62 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल थे। जब ग्लेन मैक्सलेल बैटिंग करने आए थे तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 88 रन था। कुछ देर मैक्सी को टिम डेविड का साथ मिला। लेकिन, 14वें ओवर की पहली बॉल पर वो भी 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मैक्सवेल ने अकेले मोर्चा संभाला और ऑस्ट्रेलिया के लिए यह मैच जीता।




### मार्श ने भी जड़ा अर्द्धशतक


173 रन के टारगेट का पीछा करते हुए कप्तान मिचेल मार्श ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने 145.95 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए 37 गेंद में 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से 54 रन बनाए। ट्रेविस हेड का बल्ला खामोश रहा। उन्होंने 18 बॉल में सिर्फ 19 रन बनाए। अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट कॉर्बिन बॉश ने लिए। वहीं 2-2 विकेट कागिसो रबाडा और क्वेना मफाका ने झटके।



### डेवाल्ड ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ ठोंकी सबसे तेज फिफ्टी

दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में एक बार फिर तूफानी पारी खेली। दूसरे मैच में शतकीय पारी खेलने वाले ब्रेविस ने कैजलीज स्टेडियम में सिर्फ 22 गेंदों में फिफ्टी ठोकी। उन्होंने पारी के दौरान गेंदबाज एरोन हार्डी के ओवर में लगातार गेंदों पर चार छक्के जड़े। नाथन एलिस ने ब्रेविस की पारी का अंत किया। ब्रेविस ने अपनी पारी में 6 छक्के भी लगाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। ये रिकॉर्ड रवि बोपारा के नाम था, जिन्होंने 2014 में होबार्ट में 23 गेंद में अर्धशतक लगाया था। ब्रेविस ने 22 गेंदों में ही ये कारनामा किया। डेवाल्ड ब्रेविस ने अपनी पारी में 26 गेंदों का सामना करते हुए 6 छक्का और एक चौका लगाया। वह 26 गेंद में 53 रन बनाकर आउट हुए। डेवाल्ड ब्रेविस ने पिछले मैच में भी ताबड़तोड़ पारी खेली थी। ब्रेविस ने 25 गेंद में अर्धशतक लगाया था। इसके बाद उन्होंने 56 गेंदों में 125 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 12 चौके और 8 छक्के लगाए। साउथ अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच में डेवाल्ड ने सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। जेपी डुमिनी ने 2009 में 31 गेंदों में 50 रन पूरे किए थे। नाथन एलिस के खिलाफ ब्रेविस का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। ब्रेविस ने नाथन के खिलाफ दो पारियों में पांच गेंदें खेली है और तीन रन बनाए हैं।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का निधन



**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का 89 साल की उम्र में सिडनी में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 16 अगस्त 2025 को उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि की। सिम्पसन न सिर्फ एक शानदार बल्लेबाज और बेहतरीन स्लिप फील्डर रहे, बल्कि कोच के तौर पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सिम्पसन ने 1957 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और 1978 तक खेलते रहे। उन्होंने कुल 62 टेस्ट मैच खेले, जिनमें 4,869 रन बनाए और 10 शतक जड़े। उनका बेस्ट स्कोर 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रन रहा। बल्लेबाजी के अलावा वे लेग स्पिनर भी थे और 71 विकेट लिए।

### 1965 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने

सिम्पसन को खेल जगत में कई सम्मान मिले। उन्हें 1965 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर, 1985 में स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम, 2006 में ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम और 2013 में आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

## अमेरिका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**दुबई, जेएनएन।** बल्लेबाज अर्जुन महेश की अगुवाई में अमेरिका की टीम अगले साल जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह बना ली है। टीम ने जॉर्जिया के राइडल में खेले गए डबल राउंड-रॉबिन क्वालीफायर में कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर एक मैच रहते इस वैश्विक प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली। अमेरिका ने कनाडा पर 65 रन की जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद उसने बरमूडा और अर्जेंटीना के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की। अमेरिका बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर 10 अंक हासिल किए जो विश्व कप में उनकी जगह पक्की करने के लिए काफी थे।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो भारत में खेलते नजर आयेंगे!



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो जल्द भारत में खेलते नजर आ सकते हैं। एएफसी चैंपियंस लीग-2 के ड्रॉ में सऊदी क्लब अल-नासर को ग्रुप-डी में रखा गया है, जहां उनका सामना इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की एफसी गोवा, इराक के अल जवरा एफसी और ताजिकिस्तान के एफसी इस्तिकोल से होगा। एफसी गोवा ने आईएसएल 2024/25 सीजन में उपविजेता रहते हुए सुपर कप जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाई और फिर अल सीब को हराकर टूर्नामेंट में अपना स्थान पक्का किया।

**अल-नासर के कप्तान हैं रोनाल्डो :** 5 बार के बैलन डे ऑर विजेता रोनाल्डो की कप्तानी वाली अल-नासर टीम सऊदी प्रो लीग में तीसरे स्थान पर रही थी और एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। अब उन्हें एसीएल2 के ग्रुप-डी में रखा गया है, जहां उनका मुकाबला एफसी गोवा, इराक के अल जवरा एससी और ताजिकिस्तान के एफसी इस्तिकोल से होगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ शुक्रवार को मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित एएफसीहाउस में निकाला गया।

**होम और अवे प्रारूप में खेला जाएगा टूर्नामेंट :** टूर्नामेंट का आयोजन होम और अवे प्रारूप में होगा, लेकिन एफसी गोवा के घरेलू मैच में रोनाल्डो खेलेंगे या नहीं, यह फिलहाल तय नहीं है। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें होंगी, जिन्हें वेस्ट और ईस्ट जोन में 16-16 टीमों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में 4-4 टीमों के 8 ग्रुप बनाए गए हैं। हर ग्रुप से शीर्ष 2 टीमें प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

# जैकब बेथेल इंग्लैंड के सबसे युवा कप्तान बनकर 136 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे



**लंदन, जेएनएन।** सितंबर में इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। इसके लिए इंग्लैंड ने अपनी 14 सदस्यी टीम का ऐलान कर दिया है। युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल को टीम की कमान दी गई है। टीम में हैरी ब्रुक जैसे कई बढ़े खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। पहले मैच में मैदान पर उतरते ही बेथेल इंग्लैंड के सबसे युवा मेंस क्रिकेट कप्तान बनकर 136 सालों से कायम रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

**बेथेल तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं :** बेथेल ने अब तक इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट, 12 वनडे और 13 टी-20 खेले हैं। चार टेस्ट में उनके नाम 38.71 की औसत से 271 रन और तीन विकेट हैं। टेस्ट में उन्होंने तीन अर्धशतक भी लगाए हैं। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 317 रन बनाए हैं और सात विकेट लिए हैं। वनडे में बेथेल ने तीन अर्धशतक लगाए हैं। टी-20 में उन्होंने 154.40 के स्ट्राइक रेट से 281 रन बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा बेथेल ने चार विकेट भी लिए हैं।

### मोंटी बोडेन के नाम दर्ज है यह रिकॉर्ड

इंग्लैंड की तरफ से सबसे युवा कप्तान बनने का रिकॉर्ड फिलहाल पूर्व क्रिकेटर मोंटी बोडेन के नाम दर्ज है। जिन्होंने 1889 में 23 साल की उम्र में इंग्लैंड की कमान संभाली थी। 1889 में इंग्लैंड के रेगुलर कप्तान ऑब्रे स्मिथ को अचानक से बुखार आ गया था। इसके बाद अगले टेस्ट मुकाबले में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मोंटी बोडेन को टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी।

**आयरलैंड से टी-20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम:** जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, सनी बेकर, टॉम बैंटन, जोस बटलर, लियाम डॉसन, टॉम हार्टली, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट और ल्यूक वुड।

**साउथ अफ्रीका के खिलाफ ब्रूक करेंगे कप्तानी :** आयरलैंड दौरे से पहले इंग्लैंड टीम साउथ अफ्रीका से तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरुआत 2 सितंबर से होगी। हैरी ब्रूक इन दो होम सीरीज के लिए कप्तान होंगे। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज 17 सितंबर से शुरू होगी।

**वनडे इंग्लैंड टीम :** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, सन्नी बेकर, टॉम बैंटन, जैकब, बटलर, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, रूट, जैमी स्मिथ।

**टी-20 :** ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, बटलर, कार्स, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जैमी स्मिथ, ल्यूक वुड।

## सिटी स्पोर्ट्स

# एशियन केनो स्लालम चैंपियनशिप: चीन में मप्र के खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक



**भोपाल।** चीन के जियासी, गुइझोउ में 14 से 17 अगस्त 2025 तक आयोजित एशियन केनो स्लालम चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। महिला टीम इवेंट वर्ग में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी शिखा चौहान, पल्लवी जगताप और रीना सेन ने बेहतरीन तालमेल, संतुलन और तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। पदक विजेता खिलाड़ियों में खेल अकादमी की शिखा, पल्लवी और रीना सेन ? मध्यप्रदेश की खिलाड़ी हैं। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी उपलब्धि ने प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफलता अन्य खिलाड़ियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

### महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि इस चैम्पियनशिप में भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित 10 देशों और क्षेत्रों के लगभग 100 एथलीट और कोच भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता एशियाई कैनो परिसंघ द्वारा आयोजित की जा रही है और वर्ष 2025 की उनकी प्रमुख गतिविधियों का हिस्सा है।

### 63वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट एवं 78वीं एमपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025

# गत विजेता शिशिर, ऐश्वर्या उलटफेर का शिकार




**भोपाल।** भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित और गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन स्पोर्ट्स क्लब, जेके रोड़, गोविंदपुरा में खेली जा रही स्पर्धा के मुख्य ड्रॉ के मुकाबले बड़े उलटफेर के साथ शुरू हुए। क्वालीफायर धार के कबीर वर्मा नें पुरुष एकल में गत विजेता भोपाल के शिशिर द्विवेदी को 1 घंटे 20 मिनिट चले मैराथन मुकाबले में 27-25, 19-21, 21-17 से और इंदौर की आध्या जैन नें महिला एकल में गत विजेता धार की ऐश्वर्या मेहता को 21-15, 21-10 से हराकर 78 वीं एमपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष युगल में शीर्ष वरीय आदित्योम जोशी-अनुज नें पहले दौर का मुकाबला जीत लिया। पुरुष एकल में क्वालिफिकेशन राउंड के 5 मुकाबले जीतकर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे कबीर वर्मा नें गत विजेता शिशिर के विरुद्ध 27-25 से पहला गेम जीता. चोट खाये शिशिर नें दूसरे गेम को 21-19 से जीतने के लिए सबकुछ झोंक दिया. निर्णायक गेम में कबीर नें अपने खेल पर पूरा नियंत्रण रखा और शिशिर से गलतियां कराते हुए 21-17 से गेम जीतकर उलटफेर करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में इंदौर की आध्या जैन नें गत विजेता ऐश्वर्या मेहता को सीधे गेमों में 21-15, 21-10 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई. आध्या के सामने डिफेंडिंग चैम्पियन पूरे मैच में अंक बनाने के लिए संघर्ष करती नज़र आई।

# वर्तमान युग में भी प्रासंगिक हैं गीता के सार्थक संदेश एवं उपदेश : प्रभारी मंत्री



### छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना एवं अजयगढ़ महाविद्यालय में आयोजित जन्माष्टमी पर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**जागरण पन्ना।** भगवान श्री कृष्ण के जीवन ने समाज को नई दिशा दिखाई है और मानवता को सत्य की विजय के रूप में रेखांकित किया है। वर्तमान युग में भी गीता के उपदेश एवं संदेश प्रासंगिक होने के साथ सार्थक एवं उपयोगी हैं। गीता से जीवन मूल्यों के साथ कर्म की राह पर चलने की प्रेरणा भी मिलती है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने यह बात शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ में जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव के कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थितजनों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दीं और कर्म की महत्ता का जिक्र करते हुए 5037 वर्ष पहले के घटनाक्रम को वर्तमान में भी सार्थक बताया।

प्रभारी मंत्री श्री परमार के प्रथम अजयगढ़ आगमन पर महाविद्यालय परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा महाविद्यालय के निरीक्षण में विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत बाउंड्रीवाल बनवाने सहित फर्नीचर की उपलब्धता, छात्र संख्या का परीक्षण कर स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू कराने और रिक्त पदों की पूर्ति के लिए कहा। उन्होंने भरोसा दिया कि प्राध्यापक के नियमित पद पर भर्ती के बावजूद किसी भी अतिथि शिक्षक को हटाया नहीं जाएगा, बल्कि अन्य महाविद्यालय में सेवा देने का अवसर मिलेगा। अजयगढ़ महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय शुरू कराने की बात भी उन्होंने कही। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब व्यक्तियों के कल्याण और सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा महापुरुषों एवं उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य भी संचालित है। गुरु पूर्णिमा पर्व के माध्यम से गुरुओं के सम्मान की परंपरा भी शुरू की गई है। समाज को दिशा देने में गुरु का स्थान प्रथम है। इसलिए इनके प्रति आदर व सम्मान का भाव आवश्यक है। इससे विद्यार्थियों में बेहतर संस्कार की आदत विकसित होने के साथ ही गुरूजनों के प्रति सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब प्रतिवर्ष दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन की परंपरा को सार्वजनिक किया गया है। हमने अपने जीवन मूल्यों की बदौलत आत्मरक्षा के लिए शस्त्र संचालन का ज्ञान प्राप्त किया है, लेकिन बगैर अन्याय के किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों को आधुनिक शिक्षा एवं सर्वसुविधायुक्त माहौल में अध्ययन के लिए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों का भी निजी पब्लिक स्कूल की तर्ज पर पढ़ाई का सपना साकार हुआ है। इसी क्रम में हर जिले में बेहतर उच्च शिक्षा के लिए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है। प्रदेश में गुणवत्तापरक शिक्षा के जरिए मध्यप्रदेश को देश के अन्य राज्यों की बराबरी पर लाने का प्रयास है। नवीन शिक्षा नीति के तहत संदीपनि विद्यालय में नर्सरी की कक्षाएं भी प्रारंभ की गई हैं। इसके माध्यम से बच्चों को रटने की बजाय खेल-खेल में सीखने और ज्ञानार्जन का मौका मिलेगा। साथ ही बस्ते का बोझ एवं होमवर्क कार्यों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के मूलभूत सुधारों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसके तहत अब महाविद्यालयों में किसी विद्यार्थी द्वारा बीएससी में प्रवेश लेने पर स्वेच्छा से कला एवं अन्य संकाय के विषयों का भी अध्ययन किया जा सकता है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा की नवीन नीति के तहत चरणवार कार्ययोजना के तहत आमूलचूल परिवर्तन का प्रयास है, जिससे छात्र-छात्राओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिल सके। इसके लिए कौशल विकास पर केंद्रित नवीन पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी की गई है। साथ ही स्नातक स्तर पर रिसर्च पर जोर दिया गया है। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर देश के पारंपरिक ज्ञान कौशल का उल्लेख भी किया और कहा कि इसकी बदौलत भारत विश्व गुरु कहलाया। उन्होंने देश की मातृ भाषा के प्रति सम्मान की बात कही। इस दौरान विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक पाठ्यक्रमों में अध्ययन के उपलब्ध अवसरों की जानकारी भी दी और कहा कि किसी भी क्षेत्र में कैरियर निर्माण के लिए भाषा कोई बाधक या समस्या नहीं है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संयुक्त राष्ट्र सभा में हिंदी में भाषण देकर विश्व में भारत का मान बढ़ाया गया था। इसी तर्ज पर वर्तमान प्रधानमंत्री भी वंदे मातरम के उद्घोष के साथ मातृ भाषा में भाषण की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा में व्यापक बदलाव की बदौलत वर्ष 2047 में आजादी के शताब्दी पर्व पर पुनः भारत के विश्व गुरु बनने की आशा व्यक्त की और कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के तहत भारत ने दुनिया को बाजार नहीं, बल्कि परिवार के रूप में मान्यता दी है। कोरोना काल में दुनिया के 80 देशों को वैक्सीन का निर्यात इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। प्रभारी मंत्री ने देश प्रदेश के विकास के लिए सबके योगदान की अपेक्षा की और पढ़ाई, परिश्रम तथा देश हित में काम करने का संकल्प दिलाया।

विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की और शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना व सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में उच्च शिक्षा में अध्ययन व अधिक छात्र संख्या के दृष्टिगत नवीन संकाय प्रारंभ करने के साथ सीट संख्या बढ़ाई जाना भी जरूरी है। यहां के गरीब परिवार के बच्चों ने भी कड़े परिश्रम की बदौलत अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया है। गत वर्ष भारतीय पुलिस सेवा में जिले के एक छात्र का चयन होना बड़ी उपलब्धि है। विधायक द्वारा प्रभारी मंत्री को जिले की खेल प्रतिभाओं और प्रत्येक क्षेत्र में कार्यरत जिले की प्रतिभाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

प्रभारी मंत्री श्री परमार पन्ना के छत्रसाल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधे रोपे। इसके पूर्व सर्किट हाउस पन्ना में जनप्रतिनिधियों एवं जनसामान्य से भेंट की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय व नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, बृजेन्द्र मिश्रा, सतानंद गौतम, महाविद्यालय प्राचार्य तथा शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बलराम जयंती पर श्री बलदेव जी मंदिर में हुआ श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन



**जागरण, पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से बलराम जयंती पर पन्ना के श्री बल्देव जी मंदिर परिसर में 14 अगस्त को श्रीकृष्ण पर्व-हलधर महोत्सव एवं लीलाधारी का प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। पहली बार आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बल्देव जी मंदिर की शीतल और पवित्र छाया में छतरपुर की कमला लोधी ने श्रीकृष्ण केन्द्रित भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। लाल बहादुर घासी, सीधी ने घसिया बाजा और स्वप्निल मैलोडी ग्रुप, जबलपुर के कलाकारों के दल द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। विधायक पन्ना एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर श्रीकृष्ण पर्व का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य सूची में शामिल हरछठ महोत्सव की आगामी वर्षों में अलग पहचान होगी। सांस्कृतिक कैलेण्डर में इस महोत्सव के शामिल होने से देश के विख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुति भी देंगे। विधायक ने बलराम जयंती पर हरछठ महोत्सव को संस्कृति विभाग के कैलेण्डर में स्थान मिलने पर जिला कलेक्टर के प्रयास की सराहना भी की और कहा कि पन्ना में एक वर्ष में 4 त्यौहारों का आयोजन उत्सवी माहौल में होता है। पन्ना में हरछठ एवं जन्माष्टमी पर्व के अलावा श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा और छत्रसाल जयंती की भी विशेष मान्यता है। उन्होंने कहा कि अब मंदिर समिति को विभिन्न पर्वों के आयोजन के लिए आर्थिक तौर पर दिक्कतों का सामना नहीं करना होगा, बल्कि अब बेहतर स्वरूप में इनके आयोजन से भविष्य में यह महोत्सव नई ऊंचाईओं को छुएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि श्री जुगल किशोर महालोक में पन्ना नगर के सभी मंदिरों को शामिल किया जाएगा। स्थानीय धरम सागर तालाब पर महाराजा छत्रसाल की मूर्ति के शीघ्र अनावरण के साथ ही पन्ना में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमिपूजन भी होगा।

### बलदाऊ के भैया की, जय बोलो कृष्ण कन्हैया की

कंठ में बुंदेलखण्ड के लोक स्वरों की परम्परा का संस्कार लिए सुश्री कमला लोधी मंच पर नमूदार हुईं और परम्परागत तरीके से ईश्वर का वंदन करने के पश्चात जब बलदाऊ के भैया की, जय बोलो कृष्ण कन्हैया की...भजन से गायन का शुभारंभ किया तो मंदिर प्रांगण में कृष्ण रस घुल गया। इसके बाद मनमोहन से हारी सखी री, छेड़े डगर हमारी लाल...,सखि चलो नंद के द्वार, ओ द्वार, लाला के दर्शन कर आवें...,मोर झूल हुलिया ऐन, यशोदा लाला की, विराजे पन्ना में दाऊ बलदेव, चलो जू दर्शन कर लो...आदि भक्ति गीत प्रस्तुत किए। अगली कड़ी में श्री लाल बहादुर घासी और साथी कलाकारों ने घसिया बाजा की प्रस्तुति दी। सीधी क्षेत्र के बकबा, सिकरा, नचनी महुआ, गजरा बहरा, सिंगरावल आदि ग्रामों में रहने वाली घसिया एवं गोंड जनजाति के कलाकर पारंपरिक रूप से इसकी प्रस्तुति देते हैं। इस नृत्य की उत्पत्ति के संबंध में किंवदंती है कि यह नृत्य शिव की बारात में विभिन्न वनवासियों द्वारा किए जा रहे करतब का एक रूप है। जिस तरह शिव की बारात में दानव, मानव, भूत-प्रेत, भिन्न भिन्न तरह के जानवर आदि शामिल हुए थे, कुछ उसी तरह इस नृत्य में भी कलाकारों द्वारा अनुकरण किया जाता है। इस नृत्य के कलाकार इसे 12 अलग-अलग तालों में पूरा करते हैं। लाल बहादुर के अनुसार प्राचीन काल में घनघोर वन परिक्षेत्र में जंगली जानवरों से बचने के उपाय के रूप में इसे तेज ध्वनि में बजाया जाता रहा है। इसे गुदुम बाजा, घसिया बाजा, निशान आदि नाम से भी जानते हैं। इसके साथ गुदुम बाजा, डफली, शहनाई, टिमकी, मांदर, घुनघुना आदि वाद्ययंत्र भी बजाते हुए नृत्य किया जाता है। अंतिम सभा में स्वप्निल मैलोडी ग्रुप, जबलपुर के कलाकारों की भक्ति गायन प्रस्तुति हुई। ग्रुप ने वृंदावन जाऊंगी सखी, मुकुट सिर मोर का..., दिल में तू श्याम नाम की रात श्याम सपने में..., मीठे रस से..., जुलम कर डालो..., कितना प्यारा..., बास की बसुरिया... और सावली सूरत पे मोहन..., तू नसीबों से ज़्यादा दे रहा है... और श्याम चूड़ी बेचने आया... जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत किए। श्री कृष्ण पर्व के कार्यक्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार सपत्नीक शामिल हुए। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश श्रीवास्तव सौरभ द्वारा किया गया।

### अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने किया ध्वजारोहण

**जागरण, पन्ना।** जिला मुख्यालय में स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा डब्बू ने ध्वजारोहण किया तथा सलामी दी इस अवसर पर अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व ममंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव , भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी, भाजपा नेता रवींद्र शुक्ला, श्रीमती शारदा पाठक ,रामावतार बबलु पाठक, अमित सिंह परमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# फाइनेंस कंपनी के एजेंट पर ठगी का आरोप गरीब किसान न्याय के लिए दर-दर भटक रहा

**टीकमगढ़।** जिले के ग्राम कारी निवासी गरीब किसान खुशीराम कुशवाहा फाइनेंस कंपनी के एजेंट की ठगी का शिकार हो गए। पीड़ित का कहना है कि उसने 23 नवंबर 2023 को आर्ज़व होंडा एजेंसी से साइन 100 सीसी बाइक खरीदी थी, जिसे एचडीबी फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस कराया गया था। शुरुआती सात किस्तें समय पर भरने के बाद आठवीं किस्त जमा करने में देरी होने पर कंपनी का एजेंट सौरभ देवलिया बाइक उठाकर ले गया। बकाया राशि चुकाने के लिए खुशीराम ने अपनी जमीन बेच दी और 4 अगस्त 2024 को एजेंट को 66 हजार रुपए दे दिए। एजेंट ने आश्वासन दिया कि वाहन और एनओसी जल्द ही मिल जाएगी। इसके बाद वाहन तो वापस कर दिया गया और दस किस्तें भी नियमित रूप से जमा हुईं,



लेकिन अब एचडीबी बैंक प्रबंधन द्वारा खुशीराम से पुनः बकाया रकम की मांग की जा रही है। खुशीराम का आरोप है कि जब वह बैंक प्रबंधन के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो वहां से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि सौरभ अब उनके एजेंट नहीं हैं और भुगतान ग्राहक को ही करना पड़ेगा। सवाल यह है कि यदि एजेंट बैंक से जुड़ा नहीं था तो लंबे समय तक किस्तों की वसूली किसके कहने पर की गई और ग्राहकों को इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई? पीड़ित ने बताया कि जब उसने एजेंट सौरभ से नेगुवां गांव जाकर पैसे लौटाने की बात कही तो उसने न केवल पैसे देने से इंकार कर दिया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में संवाददाता ने जब सौरभ देवलिया से संपर्क किया तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्हें एकमुश्त राशि लेने की कोई याद नहीं है और बिना सबूत के वह कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। अब ठगी का शिकार किसान खुशीराम न्याय की उम्मीद में पुलिस की शरण लेने की तैयारी कर रहा है।

# चार डीजे संचालकों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 2 डीजे जब्त, 2 लेकर हुए फरार

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले में त्यौहारों के दौरान शोरगुल मचाने वाले डीजे संचालकों पर पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की है। चेहुल्लम पर्व की रात कोतवाली पुलिस ने चार डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो डीजे जप्त कर लिए, जबकि दो डीजे संचालक अपने डीजे लेकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, पर्व के दौरान कुछ डीजे संचालकों ने आपसी प्रतियोगिता के चलते अत्यधिक तेज ध्वनि में डीजे बजाना शुरू कर दिया। तेज आवाज से न केवल आसपास के रहवासी परेशान हुए, बल्कि वृद्धजन और हृदय रोगी मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय मुस्लिम समाज के ही कई जागरूक लोगों ने इसका विरोध करते हुए डीजे बंद कराने और आवाज धीमी करने की मांग की। शिकायत पर कोतवाली पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और ताजिया जुलूस निकलने के बाद मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की। पुलिस ने मौके से दो डीजे जप्त किए, वहीं अन्य दो संचालक अपने डीजे लेकर भागने में सफल हो गए। हालांकि पुलिस ने उनके खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि पर्व पर बाहर से कुछ भारी भरकम डीजे भी आए थे, जिन्होंने तेज ध्वनि में साउंड बजाकर लोगों को परेशान किया। इस पर तत्काल कार्यवाही की गई है। फिलहाल कुल चार डीजे संचालकों पर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई की आमजन ने सराहना की है और कहा कि ऐसे कदम से त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जा सकेंगे।

# गुरुक्लब ने पं. भारत भूषण त्रिपाठी की चौथी पुण्यतिथि पर किया धार्मिक आयोजन

### सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और प्रसाद वितरण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**जागरण, टीकमगढ़।** शहर के सागर मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के केंद्र प्राचीन गोंगावेर हनुमान मंदिर परिसर में गुरुक्लब के संस्थापक, अनंत प्रयत्न, परिश्रम, विचार और व्यक्तित्व के प्रेरणापुंज, गोलोकवासी पं. श्री भारत भूषण त्रिपाठी की चौथी पुण्यतिथि पर रविवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हनुमानजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रभु श्रीराम के चरणों में सामूहिक रूप से भक्ति भाव से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सागर से आए प्रसिद्ध संगीत कलाकारों और गायक मंडली ने एक से बढ़कर एक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन और सिया राम मय सब जग जानी जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं गुरुक्लब से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। अंत में ललित त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों और कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पं. भारत भूषण त्रिपाठी का जीवन समाज सेवा, धर्म और शिक्षा के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है, जिसे गुरुक्लब आगे भी इसी तरह जन-जन तक पहुंचाता रहेगा।

# कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी पन्ना जिला अध्यक्ष बने अनीश खान

**जागरण, पन्ना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पन्ना जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर गहरी छानबीन के पश्चात अनीश खान को जिले के कांग्रेस की बागडोर सौपी गई। अनीश खान छात्र संगठन अध्यक्ष भी रह चुके हैं इन्होंने छात्र राजनीति से लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर रहते हुए संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य किया इनको कांग्रेस संसदीय दाल की नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने एन. एस. यू.आई.के अध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया था। खान एक संघर्षील युवा नेता के रूप में जिले में जाने जाते हैं आदिवासी वनवासी संगठन को भी चलाते आ रहे हैं। अनीश खान के जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और उमंग का वातावरण निर्मित हुआ है ।

बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भास्कर देव बुंदेला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्रा, पीसीसी मेंबर श्रीकांत दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष शिवजीत सिंह, राम अवतार तिवारी, दिनेश कुमार अरजरिया, बाबूराम तिवारी, मौहम्मद शफी, रामेश्वर गर्ग, मनीष ममिश्रा, राकेश गर्ग, गिरधारी लोधी ,अरुण पाल सिंह बुंदेला ,अजय श्रीवास्तव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है।

# गुणवत्ता हीन सड़क कार्य पर कार्रवाई

**टीकमगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने वार्ड क्रमांक 18 में कार्यकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत बनाए जा रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है और सीसी की गुणवत्ता बेहद खराब है।सीएमओ श्री भदौरिया ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही चल रहे कार्य को रुकवाया और पहले से डाली गई घटिया सीसी सड़क को मशीनों की मदद से तुड़वाया। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से किए जा रहे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री भदौरिया ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही कराया जाए। उन्होंने विभागीय इंजीनियरों और पर्यवेक्षकों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि समय-समय पर स्थल निरीक्षण करते रहें और यदि कहीं भी गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो तुरंत कार्रवाई करें। सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि कार्यकल्प योजना 2.0 का उद्देश्य शहर की सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करना और आमजन को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। लेकिन यदि कोई ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही स्थानीय नागरिकों ने भी मौके पर नगर पालिका की इस तत्परता की सराहना की और कहा कि यदि सभी निर्माण कार्यों की इसी तरह सघन निगरानी की जाए तो शहर की तस्वीर बदलेगी।

# नवीन साहू पर कांग्रेस का भरोसा बरकरार, पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त

**जागरण, टीकमगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को प्रदेश के 71 जिलों के जिला अध्यक्षों की घोषणा की। इस सूची में टीकमगढ़ से एक बार फिर नवीन साहू को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी हाईकमान का यह निर्णय उनके पिछले कार्यकाल की सक्रियता, मेहनत और संगठनात्मक मजबूती को देखते हुए लिया गया है। पिछले कार्यकाल में नवीन साहू ने टीकमगढ़ जिले की चार विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीकमगढ़ विधानसभा से यादवेंद्र सिंह बुंदेला, खरगापुर विधानसभा से चंदा सुरेंद्र सिंह गौर तथा टीकमगढ़-निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर विधानसभा (जिसका बड़ा हिस्सा टीकमगढ़ जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र से जुड़ा है) से नितेंद्र ब्रजेन्द्र सिंह राठौर की जीत में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने रणनीतिक सहयोग और संगठनात्मक समर्थन दिया। इन सफलताओं ने जिला कांग्रेस को मजबूती दी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश जगाया।

### जिले में ओर भी मजबूती से बनाई जाएगी पकड़- नवीन

वही नवीन साहू ने पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व और बड़ी चुनौती दोनों है। कार्यकर्ताओं के सहयोग और जनता के विश्वास के साथ कांग्रेस को जिले में और मजबूत बनाया जाएगा। जनता की समस्याओं के समाधान और संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। साहू के नेतृत्व में जिले में कई आंदोलनों, जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन और कांग्रेस की गतिविधियों को धार दी गई। उनके कार्यकाल में जिला कांग्रेस का संगठन जमीनी स्तर तक सक्रिय रहा, जिससे पार्टी को चुनावी मैदान में मजबूत पकड़ बनाने में मदद मिली। जिला अध्यक्ष के रूप में पुनर्नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नवीन साहू की युवा सोच, संघर्षशील प्रवृत्ति और जमीनी जुड़ाव से आने वाले समय में कांग्रेस और सशक्त होगी।

# कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती एवं अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**जागरण, पवई।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष कुशल भाऊ ठाकरे की जन्मजयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को पवई स्थित विधायक कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान नेताओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, जिला महामंत्री जनुमा खटीक, मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार, मंडल उपाध्यक्ष सी.बी. गौतम, अजीत बढ़ोलिया, आर.पी. बागरी, सत्यपाल सिंह, कुलदीप चौबे, प्रहलाद बहरे तथा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष आशुतोष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कुशल भाऊ ठाकरे का जीवन संगठन को समर्पित रहा, उनका योगदान भाजपा की जड़ों को मजबूत करने वाला रहा। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी का नेतृत्व भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा, जिन्होंने देश को विकास और मजबूत लोकतंत्र की राह दिखाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज व राष्ट्रहित में सतत कार्य करने का संकल्प लिया।

# पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम कृष्णगढ़ में सरपंच ने फहराया तिरंगा

**जागरण, पवई ।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णगढ़ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ सरपंच ने लहराया तिरंगा एवं साथ में जनपद सदस्य कमलेश तिवारी भूतपूर्व सैनिक पूरन लाल त्रिपाठी और उपस्थित अतिथिगण एवं शिक्षकों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को दी गई सलामी ध्वजारोहण होने के बाद सभी शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रगीत देश भक्ति गीत से वंदे मातरम से गुंजायमान हुआ पूरा विद्यालय परिसर विद्यालय आयोजन समिति के द्वारा 11 मंचीय कार्यक्रम किए गए प्रस्तुत जिसमें एक से बढ़कर एक कार्यक्रम दिए गए जिससे निर्णायक कमेटी द्वारा सर्वाधिक अंक आदर्श हनुमान बाल मंदिर हाई स्कूल जिसको प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ द्वितीय पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर नें प्राप्त किया तृतीय पुरस्कार पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्राप्त हुआ पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णगढ़ प्राचार्य कृष्ण सेवक प्रजापति के द्वारा शानदार अनुशासन उद्बोधन दिया गया एवं आयोजन के लिए शानदार व्यवस्था की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद सभी स्कूलों के बच्चों एवं शिक्षक अभिभावक गण ग्राम वासियों के द्वारा भरपूर आनंद लिया गया मंच का संचालन शिक्षक राजकुमार सिंगरौल एवं साथ में सत्यम गर्ग के द्वारा किया गया कर में जनपद सदस्य सहकारिता विभाग पंडित श्री कमलेश तिवारी पूर्व सैनिक पूरन लाल त्रिपाठी ग्राम पंचायत सचिव चारु चंदन मिश्रा पटवारी जी उप सरपंच दीपेंद्र त्रिपाठी पत्रकार कुलदीप गर्ग श्री



विश्वनाथ गर्ग कृष्ण कुमार परौहा नत्थू द्विवेदी जयकरण सिंगरौल ईश्वर दीन सिंगरौल एवं सभी ग्रामवासी पूरा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने गर्व प्रदर्शन और देशभक्ति के साथ मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस

## एनटीपीसी विंध्याचल ने वर्ष 24-25 में किया 36, 506 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन : संजीव कुमार साहा



जागरण, विंध्यनगर

एनटीपीसी विंध्याचल ने 79वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति की उमंग के साथ मनाया। जहाँ स्वतंत्रता एकता और राष्ट्रीय गर्व की भावना से आलोकित इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में वरिष्ठ नेतृत्व गणमान्य अतिथि सीआईएसएफ कर्मी विद्यालयों के प्राचार्य मीडिया प्रतिनिधि तथा टाउनशिप के उत्साही नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री साहा द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रीय गान के साथ हुआए जिसके बाद सीआईएसएफ और विद्यालयी छात्रों की परेड एवं टुकड़ी निरीक्षण किया गया। अपने उद्बोधन में श्री साहा ने स्टेशन के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने वर्ष 24–.25 में 36,506 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन तथा लगातार तीसरे वर्ष एनटीपीसी की पीईएम प्रदर्शन रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल करने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण नवोन्मेषी एवं मानव.केंद्रित एचआर पहल तथा सीएसआर योगदानों की भी प्रशंसा की और सीटीएम संयंत्र से प्रथम बूंद मिथेनॉल उत्पादन की उपलब्धि साझा की। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के जवानों ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। टाउनशिप के विद्यालयों ने भी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं डीपीएस ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को थीम बनाकर स्थिरता का संदेश दिया डी पॉल स्कूल ने दांडी मार्च की जीवंत झांकी प्रस्तुत की वहीं एसएसएम के बच्चों ने भारत की विविधता में एकता को रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से दर्शाया। इस अवसर पर उत्कृष्टता और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ टुकड़ी व परेड पुरस्कार कक्षा 10वीं व 12वीं के 13 मेधावी छात्रों को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड मेधा प्रतियोगिता व पावर क्विज़ 25 के विजेताओं का सम्मान किया गया। स्टेशन के 100 कर्मचारियों को एचओपी मेरिटोरियस अवार्ड 7 को हेल्थ चैंपियन अवार्ड 2 को मानवता पुरस्कार 9 एससी/एसटी संघ के सदस्यों को वंचित बच्चों को शिक्षा देने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही 6 कर्मचारियों को सीएसआर पहलों के सफ्ल संचालन हेतु 20 सीआईएसएफ जवानों को साहसिक कार्य हेतु और नवतरंग नाम सुझाने के लिए श्रीमती राज भारती को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य समारोह के बाद श्री साहा वरिष्ठ अधिकारियों और लेडीज़ क्लब की सदस्याओं ने विंध्य अस्पताल जाकर मरीजों को फ्ल वितरित किए और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं जो समुदाय सेवा के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस के ये आयोजन न केवल भारत की 79 वर्षों की गौरवगाथा को नमन थे बल्कि राष्ट्र प्रगति को ऊर्जा प्रदान करने में एनटीपीसी विंध्याचल की ईमानदारी नवाचार और समावेशिता की अटूट प्रतिबद्धता का भी सशक्त प्रमाण रहे।

# सासन पावर लिमिटेड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

## मार्चपास्ट, अग्निशमन, सुरक्षा ड्रील तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए आयोजित



**जागरण,बैढ़न।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सासन पावर लिमिटेड के आवासीय टाउनशिप, पावर प्लांट, कोल माइंस पुनर्वास कालोनी सूर्य विहार, कृष्ण विहार में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम परियोजना के तियरा टाउनशिप में सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन मोहापात्रा, स्टेशन डायरेक्टर सुब्रतो घोष एवं प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों अनिल कुमार गुप्ता, अरनव भौमिक, वी.एन. मूर्ति, जितेन्द्र प्रसाद, ललित गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, निशांत गुप्ता, प्रवीण सिंह की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। परियोजना के सुरक्षा विभाग के रवि मिश्रा, प्रमेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सिक्योरिटी विभाग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को गार्ड आफ आनर दिया गया। मार्चपास्ट, अग्निशमन, सुरक्षा ड्रील तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपने उद्‌बोधन मे श्री मोहापात्रा तथा सुब्रतो घोष ने उपस्थित जन समूह को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाये दी। परियोजना द्वारा दश के विकास में दिए जा रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से देश के विकास में दिए जा रहे सहयोग के लिए सबको धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अग्निशमन सुरक्षा दल तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट प्रदशन करने वाले सदस्यों को मुख्य अतिथि एवं विषिष्ट अतिथियो द्वारा सम्मानित भी किया गया। सासन कोल माइंस में माइंस एजेंट ऋषि श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया और तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में माइंस मैनेजर विजय कुमार एच.ई.एम.एम. हेड राजेश द्विवेदी, इलेक्ट्रिक हेड– अनुराग भटनागर, सेफ्टी हेड प्रेमदर्शी, सुरक्षा अधिकारी धीरज गुप्ता, फायर सिक्योरिटी हेड शंकर सिंह परिहार के साथ–साथ परियोजना के एडमिन टीम के आशुतोष कुमार, महेश द्विवेंदी सीएसआर तथा अन्य विभागों के वरिष्ट अधिकारी उपस्थित थे । इसी तारतम्य में परियोजना के पुनर्वास ग्राम सूर्य विहार एवं कृष्ण विहार में स्थित डीएव्ही पब्लिक स्कूल सूर्य विहार एवं कृष्ण विहार में भी स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने देश–भक्ति से ओतप्रोत कर देने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया। सूर्य विहार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाइनेंस हेड–करूणेष मिश्रा थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय के द्वारा विगत वर्षो में किये गये शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों को बधाई दी और आने वाले वर्षो में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य मृत्युजय कुमार तिवारी तथा मुख्य अतिथि द्वारा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के समक्ष नकद पुरूस्कार दिये गये। डीएव्ही पब्लिक स्कूल कृष्ण विहार में भी 79 वें स्वतंत्रता दिवस को धूम–धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माइंस एजेंट ऋ षि श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा देशभक्ति के भावपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार तथा मुख्य अतिथि द्वारा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के समक्ष नकद पुरस्कार दिये गये। इस कार्यक्रम में सासन पावर लिमिटेड के सीएसआर विभाग से फुज़ैल अहमद, हृदय लाल शाहू, नृपेन्द्र पाण्डेय, विजय दुबे, अवनीश कुशवाहा, श्यामसुन्दर बसोर, आर.डी. दुबे की सराहनीय सहभागिता रही है। सी.एसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विभिन्न बालवाड़ी बैगाबस्ती तियरा, बादीगीर बस्ती हर्रहवा, बालवाड़ी कृष्ण विहार कौशल विकास केन्द्र कृष्ण विहार, सामुदायिक भवन बैगाबस्ती कृष्ण विहार में भी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए और बच्चों तथा उपस्थित जन समूह को मिष्ठान वितरित किए गए।

# देश को एकता के सूत्र में बंधे रहने का सन्देश



**जागरण, सिंगरौली।** स्थानीय श्री साईं शैल मंगलम महाविद्यालय मे 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लायंस इंटरनेशनल 321 ई के पूर्व मण्डलाध्यक्ष एवं मल्टीपल कॉउन्सिल सेक्रेटरी लायन जे. एन.श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उनके साथ मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे वार्ड क्र. 9 के पार्षद एवं लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड के पूर्व अध्यक्ष लायन शेखर सिंह वर्तमान अध्यक्ष लायन नागेंद्र सिंह डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन संजीव कुमार कोहली महाविद्यालय के निदेशक व जोन चेयर पर्सन लायन गोपालजी श्रीवास्तव उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत तिरंगा पिन लगाकर व माल्यार्पण के माध्यम से किया गया तत्पश्चात माँ सरस्वती का पूजन कर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण लायन जे.एन. श्रीवास्तव एवं पार्षद शेखर सिंह द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक गोपाल जी श्रीवास्तव ने अपने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पण की उनके पश्चात वार्ड क्र.9 के पार्षद लायन शेखर सिंह ने अपने ओजपूर्ण उद्बोधन के माध्यम से हमारे देश की गंगा जमुनी संस्कृति के बारे मे चर्चा करते हुए देश को एकता के सूत्र मे बंधे रहने का सन्देश दिया उसके पश्चात महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव लायन अमित अग्रवाल ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी को देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का आभास कराया लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड के अध्यक्ष लायन नागेंद्र सिंह ने अपने संक्षिप्त भाषण मे सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की उनके पश्चात क्लब सचिव लायन शिवशंकर सिंह सेंगर ने अपने शायराना अंदाज़ मे मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया व स्वतंत्रता दिवस को एक त्यौहार की तरह मनाये जाने का आह्वाहन किया। मुख्य अतिथि लायन जे.एन.श्रीवास्तव ने उपस्थित समस्त लोगो को अपने उद्बोधन के माध्यम से शुभकामना सन्देश देते हुए देश मे आतंकवाद को एक बड़ा संकट बताया व बताया कि देश की सेवा हेतु बॉर्डर पर जाकर ही नहीं अपितु हम जँहा है जिस पद पर है उसका पूरी ईमानदारी व नैतिकता से पालन कर के भी हम देश की सेवा कर सकते है उन्होंने राष्ट्रीय कवि मैथिलिशरण गुप्त की प्रसिद्द कविता नर हो न निराश करो मन को कुछ काम करो कुछ काम करो जग मे रहकर कुछ नाम करो को उधृत करते हुए छात्रों को अपने अपने क्षेत्र मे अच्छा काम करते रहने की प्रेरणा दी। अंत मे महाविद्यालय के प्राचार्य व लायंस क्लब सिंगरौली मंगलम के अध्यक्ष लायन संजीव कुमार ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया व छात्र छात्राओं से आह्वाहन किया कि आज की युवा पीढ़ी को मोबाइल से गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलना होगा।

# कनपुरा कुटुंबकम संस्थान द्वारा तेलगवा में बच्चों के साथ मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस का उत्सव




**जागरण बैढ़न।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एक्सेस टू जस्टिस के सहयोग से संस्था कनपुरा कुटुंबकम संस्थान द्वारा सिंगरौली जिले के तेलगवा में 79 वा स्वतंत्रता दिवस का उत्सव बच्चों के साथ मनाया गया ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरांत बच्चों द्वारा अपने भाषण में बाल विवाह रोकने का संदेश दिया गया बच्चों ने अपने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर भी लोगों को बाल विवाह रोकने हेतु जागरूक करने का संदेश दिया संस्था द्वारा बच्चों को झंडा एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया बच्चे बहुत ही खुश और उत्साहित थे बच्चों के साथ.साथ आम नागरिक भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए स्वतंत्रता दिवस के इस उत्सव कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधुबाला पांडे एवं सहायिका संस्था से वंदना विश्वकर्मा अजीत सिंह सपना सिंह शबा बानो अवनीश द्विवेदी उपस्थित रहे।

# 21 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया



**जागरण, विंध्यनगर।** समुदाय उत्थान और बालिका सशक्तिकरण की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाते हुए एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय शाहपुर की 21 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। यह पहल छात्राओं की दैनिक आवागमन सुविधा को आसान बनाने नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे वे बिना किसी बाधा के शिक्षा प्राप्त कर सकें। साइकिल वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व स्टेशन प्रमुख संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल ने किया। इस अवसर पर सुहासिनी संघ की अध्यक्षा श्रीमती चित्रलेखा साहा तथा लेडीज़ क्लब की वरिष्ठ सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की समग्र सीएसआर नीति का प्रतीक है जो शिक्षा समावेशन और सतत विकास के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह



**जागरण, शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम शक्तिनगर में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना के कार्यकारी निदेशक संदीप नायक ने ध्वजारोहण किया एवं सीआईएसएफ के जवानों स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया जिसमें परिसर स्थित विद्यालय के बच्चे सम्मिलित हुए एवं सभी ने सीआईएसएफ जवानों के साथ कदमताल कर मनमोहक परेड की प्रस्तुति की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पर्व की महत्ता को रेखांकित किया गया एवं एनटीपीसी की उपलब्धियों से सभी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। इसके पश्चात क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं जिनमें समूह नृत्य की मनमोहक झलकियाँ देखने को मिलीं। प्रतिभागी विद्यालयों में बाल भवन संत जोसेफ विद्यालय अंबेडकर विद्यालय केंद्रीय विद्यालय विवेकानंद वरिष्ठ व प्राथमिक विद्यालय एवं शासकीय इंटर कॉलेज शामिल रहे। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कर्मचारियों को अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया जिनमें पावर एक्सेल अवार्ड एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर डिपार्टमेंटल एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर मानवीयता पुरस्कार हेल्थ चैंपियन अवार्ड एचओपी मेरिटोरियस अवार्ड बीई विभाग पुरस्कार तथा उत्कृष्ट विद्यार्थी पुरस्कार शामिल रहे। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा संजीवनी चिकित्सालय में मरीजों को फ्ल वितरित किया गया। इसके साथ एनटीपीसी सिंगरौली प्लांट सेवा भवन पार्क प्रशासनिक भवन बाल भवन टाइनी टोट्स स्कूल सीआईएसएफ़ यूनिट ऑफ़्सि एवं संजीवनी चिकित्सालय में भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फ्हराया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स सी.एच.किशोर कुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एंड एडीएम रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीई एंड रसायन डॉ एस के सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीआईएसएफ़ कमांडेंट विवेक आय सभी विभाग प्रमुख वनिता समाज की सदस्याएं यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण वीर जवान बच्चें एवं बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मी परिवार सहित सम्मिलित होकर राष्ट्रीय पर्व गौरवपूर्ण ढंग से मनाया गया।

## सीआईएसएफ के जवानों ने साइलेंट ड्रिल तथा ब्लाइंड वेपन ड्रिल पर डेमोस्ट्रेशन सीआईएसएफ इकाई

# एनसीएल सिंगरौली द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**जागरण, बैढ़न।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफइकाई एनसीएल सिंगरौली ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर ध्वजारोहण भव्य परेड और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाए जिसने सभी उपस्थित लोगों के मन में देश प्रेम का संचार किया। समारोह का शुभारंभ इकाई के क्वार्टर गार्ड पर उप कमांडेंट सुशांत गायकवाड़ द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात इकाई प्रभारीए कमांडेंट खिल्लारे एस.पी.ने कमांडेंट कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया। इस गरिमामयी क्षण में सीआईएसएफ की सुसज्जित टुकड़ी ने राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय सैल्यूट दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डीएवी स्कूल अमलोरी के वसुंधरा स्टेडियम में आयोजित परेड रही। परेड कमांडर निरीक्षक श्रीमती सुमन कुमारी और परेड आईसी उप निरीक्षक अभिषेक सिंह के कुशल नेतृत्व में सीआईएसएफ के सुरक्षा विंग और फायर विंग के एक.एक प्लाटून तथा डीएवी् स्कूल और सरस्वती स्कूल के छात्र.छात्राओं के प्लाटून ने प्रभावशाली मार्चपास्ट किया। इस परेड में डीएवी् स्कूल और सरस्वती स्कूल के छात्र.छात्राओं की भागीदारी समारोह में चार चांद लगा दिए। इस गौरवपूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि अमलोरी परियोजना के एरिया जीएम आलोक कुमार थे जबकि कमांडेंट खिल्लारे एस.पी.और परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। परेड के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें देशभक्ति गीतों और नृत्यों सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जिसने सभी का हृदय जीत लिया। इसके अतिरिक्त सीआईएसफ के प्रधान आरक्षक गुलशन कुमार के कुशल नेतृत्व में सीआईएसएफ के जवानों ने साइलेंट ड्रिल तथा ब्लाइंड वेपन ड्रिल पर शानदार डेमोस्ट्रेशन प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया। सीआईएसएफ के जवानों द्वारा प्रस्तुत किए गए इस तरह के प्रदर्शन का महत्व केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है बल्कि यह उनकी पेशेवर दक्षता अनुशासन और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण को दर्शाता है। ये प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि सीआईएसएफ के जवान किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए कितने तैयार हैं। चाहे वह साइलेंट ड्रिल हो जो जवानों के बीच शानदार तालमेल और बिना बोले भी काम करने की क्षमता दिखाती है या फिर ब्लाइंड वेपन ड्रिल हो जो अंधेरे या तनावपूर्ण स्थितियों में भी अपने हथियार को संभालने एवं प्रभावशाली ढंग से इस्तेमाल करने की उनकी निपुणता को दर्शाती है। ये सभी प्रदर्शन दर्शकों के मन में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ाते हैं उन्हें यह महसूस कराते हैं कि देश की सुरक्षा मजबूत हाथों में है। मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने अपने संबोधन में अमलोरी परियोजना के सफ्ल संचालन में सीआईएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें परियोजना की सफ्लता में बराबर का भागीदार बताया। कमांडेंट खिल्लारे एस.पी. ने परेड और डेमोस्ट्रेशन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके कठोर परिश्रम और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। पूरे समारोह के दौरान आयोजन स्थल पर चाक.चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी जिससे यह भव्य आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुआ। यह पूरा आयोजन देशभक्ति और एकता की भावना को प्रदर्शित करता हुआ सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को

शैलेन्द्र द्विवेदी
हार्दिक शुभकामनाए
महामंत्री भाजपा मंडल बरगवां जिला- सिंगरौली (म.प्र.)
सौजन्य- जय बजरंग बली ट्रान्सपोर्ट बरगवां - मों.7974192085

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
राम सुमेंर वैश्य
हार्दिक शुभकामनाए
सरपंच ग्राम पंचायत भलुगढ़ ज.पं. चितरंगी- सिंगरौली (म.प्र.)
निवेदक- जनता जनार्दन एवं पंच गण ग्राम पंचायत भलुगढ़

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
डा. सुशील पाल
हार्दिक शुभकामनाए
डायरेक्टर- मों. 9425858651
सर्वहितकारी पैरामेडिकल कालेज (डी.एम.एल.टी, बी.एम.एल.टी) बरगवां जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को

शिवशंकर वैश्य (मुन्ना) सरपंच
ठाकुर प्रसाद वैश्य सचिव
हार्दिक शुभकामनाए
ग्राम पंचायत क्षेत्र ओडगडी विकासखण्ड देवसर जिला सिंगरौली (म0प्र0)
पंचायत के हितग्राहीमुलक योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन पहली प्राथमिकता
सौजन्य- समस्त पंच एवं जनता जनार्दन

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
देवी दयाल सिंह अध्यक्ष
मनोज कुमार सिंह कोषाध्यक्ष
सोनू सचिव

हार्दिक शुभकामनाए
कोल इंडिया एससी एसटी इम्पालाइज एसोसिएशन सिस्टा जयंत

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश मौर्य
जिला आबकारी अधिकारी जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन यादव
मुख्यमंत्री (म.प्र.)
ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह
पूर्वमंत्री एवं विधायक
भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार
कलेक्टर पन्ना
पीसुमन
उपसंचालक
कृषि विभाग जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार
कलेक्टर पन्ना
आर.पी. अहिरवार
उप पंजियक जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एस.डी. चतुर्वेदी
प्राचार्य
राजेश गौतम
अध्यक्ष जनभागीदारी समिति
पी.एम श्री छत्रसाल महाविद्यालय जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन यादव
मुख्यमंत्री (म.प्र.)
मनोज केशरवानी
अध्यक्ष वैश्य महासभा
वरिष्ठ बीजेपी सदस्य
केशरवानी स्वीट्स जिला चिकित्सालय चौराहा जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर को साफ स्वच्छ रखे, कचरा न फैलाए, जल का अपव्यय न करें, टैक्स का भुगतान समय पर करें।
श्रीमती मीना पाण्डेय
अध्यक्ष
श्रीमती आशा गुप्ता
उपाध्यक्ष
उमाशंकर मिश्रा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर नपालिका परिषद पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार
कलेक्टर पन्ना
सुनील शुक्ला
परिवहन अधिकारी
जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एस.डी. चतुर्वेदी
प्राचार्य
राजेश गौतम
अध्यक्ष जनभागीदारी समिति
पी.एम श्री छत्रसाल महाविद्यालय जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन यादव
मुख्यमंत्री (म.प्र.)
डॉ. राजेश तिवारी
डॉ. आलोक गुप्ता
सिविल सर्जन
जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार
कलेक्टर
अवधेश सिंह
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला बाल विकास विभाग जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकान्त दीक्षित
सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला पन्ना मध्य मप्रदेश

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उमराव सिंह मरावी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
अशोक चतुर्वेदी
अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, पन्ना (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उमराव सिंह मरावी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
संजय सिंह परिहार
परियोजना अधिकारी
जिला पंचायत पन्ना (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उमराव सिंह मरावी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
अशोक चतुर्वेदी
अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनपद पंचायत पन्ना (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रवि खरे
उप संचालक शिक्षा जिला पन्ना (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन यादव
मुख्यमंत्री (म.प्र.)
राजेश वर्मा
विधायक विधानसभा
गुनौर जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शिवजीत सिंह
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन यादव
मुख्यमंत्री
ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह
विष्णू पाण्डेय
विधायक प्रतिनिधि
पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप सिंह राठौर
संचालक होटल राज लक्ष्मी जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
साई कृष्ण एस थोटा
पुलिस अधीक्षक
रोहित मिश्रा
नगर निरीक्षक
कोतवाली जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश मौर्य
जिला आबकारी अधिकारी
मुकेश पाण्डेय
आबकारी निरीक्षक
जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उमराव सिंह मरावी
प्रमोद शुक्ला
मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीपीएम
अजीविका मिशन जिला पन्ना
जिला पंचायत पन्ना (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जे.पी. सोनकर
कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विष्णुदत्त शर्मा
सांसद खजुराहो लोकसभा क्षेत्र पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रवी पटेल
उप संचालक खनिज जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जय प्रताप भदौरिया
जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल तिवारी
जिला पंचायत सदस्य पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुपम शर्मा
डी.एफ.ओ. दक्षिण वनमंडल

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार
कलेक्टर
अरविंद त्रिपाठी
शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
साई कृष्ण एस थोटा
पुलिस अधीक्षक
सुशील कुमार

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वैष्णो माता विधि महाविद्यालय

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजय नागवंशी
अनुविभागीय अधिकारी पन्ना जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
DIVISIONAL FOREST OFFICER
NORTH PANNA
गर्वित गंगवार वनमंडल अधिकारी उत्तर वन मण्डल

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश गौतम
अध्यक्ष
अरविन्द्र त्रिपाठी
प्रिन्सिपल
जनभागीदरी समिति पन्ना (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस 2025 की सभी देशवासियों नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
साई कृष्ण एस थोटा
पुलिस अधीक्षक
राजेन्द्र मिश्रा
जेलर पन्ना जेल

## जिला अस्पताल में कलेक्टर ने मरीजों को वितरित किये फल

**सतना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना पहुंचकर विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजो और नवजात बच्चों की माताओं को फल वितरित करते हुये स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मरीजों से उनकी कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त करते हुये शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## विद्यालयीन बच्चों के साथ कलेक्टर ने किया भोजन

**सतना।** समारोह की मुख्य अतिथि मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय हाईस्कूल डेल्हा मैहर पहुंचकर विद्यालयीन बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। कलेक्टर ने सभी विद्यालयीन बच्चों और विद्यालय के स्टाफको स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# हर्ष और उल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली




**जागरण, सतना।** सतना जिले में देश की आजादी का 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने सफेद जिप्सी में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल के साथ परेड का निरीक्षण किया। समारोह में जिला पुलिस बल एवं नगर सेना सहित एनसीसी की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट एवं हर्ष फायर किया। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मुख्य समारोह में ठीक प्रातः 9 बजे राष्ट्रगान की धुन के बीच ध्वजारोहण किया। उन्होंने शांति और समृद्धि के प्रतीक गुब्बारे भी आकाश में विचरण के लिए छोड़े। परेड में जिला पुलिस बल और होमगार्ड सहित एनसीसी सीनियर और जूनियर, स्काउट गाइड, पुलिस बैंड सहित कुल 11 प्लाटूनें शामिल रहीं। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल ने किया। कलेक्टर ने प्लाटून कमांडरों से परिचय भी प्राप्त किया। सशस्त्र बल की टुकडी ने राष्ट्रगान की धुन पर तीन बार हर्ष फायर किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने परेड की सलामी ली। समारोह में पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव टेलीकास्ट (सीधा प्रसारण) देखा व सुना गया। इस नई व्यवस्था की नागरिकों ने भरपूर सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री जी के संदेश प्रसारण के बाद सतना जिले की आगामी विकास परियोजनाओं और जिले की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बधाई संदेश का वाचन भी किया।

कलेक्टर ने समारोह में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कारगिल शहीदों तथा देहदानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर के 47 विद्यालयों के लगभग 2 हजार नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सामूहिक पीटी का शानदार प्रदर्शन किया। स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक पीटी प्रदर्शन के बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इनमें महारानी लक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतना की छात्राओं, दिल्ली पब्लिक स्कूल सतना, सेंट माइकेल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पूर्ण लोकगीत और नृत्य के माध्यम से सजीव प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम के दौरान समारोह में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं सुरक्षा बलों को पुरुस्कृत भी किया गया। इनमें परेड आर्म्ड वर्ग में जिला पुलिस महिला संवर्ग सतना को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष वर्ग सतना को द्वितीय, विशेष सशस्त्र बल 10वीं वाहिनी सतना को तृतीय पुरूस्कार दिया गया। अनआर्म्स वर्ग में जिला स्काउट गाइड दल को प्रथम, शौर्या दल को द्वितीय और जिला गाइड दल को तृतीय पुरुस्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति के लिये पहला पुरुस्कार शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रथम, सेंट माइकल को द्वितीय और दिल्ली पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल को तृतीय पुरूस्कार दिया गया।




## जिला प्रशासन ने किया जगतदेव तालाब के कांच मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जिले में धूमधाम से आयोजित किया गया। जिला प्रशासन सतना द्वारा सीईओ जिला पंचायत संजना जैन की उपस्थिति में जगतदेव तालाब परिसर के कांच मंदिर में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भक्तिभावना से ओत-प्रोत माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला पंचायत, नगर पालिक निगम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन सर्वप्रथम मंदिर में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की भव्य झांकी का दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। तदुपरांत भजन मंडली के बीच बैठकर भजन का श्रवण किया। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्यामकिशोर द्विवेदी, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एससी राय, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एसपी तिवारी, कलाकार केके शुक्ला सहित खेल विभाग, सामाजिक न्याय और महाविद्यालय का स्टाफतथा बडी में छात्र-छात्रायें एवं भक्तगण उपस्थित रहे।



## नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की



**जागरण, सतना।** जन्माष्टमी का त्योहार सतना शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर में जन्माष्टमी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी तादाद में शहर वासियों ने हिस्सेदारी की। जबकि ए ग्रेड की सतना कृषि उपज मंडी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह के आवास पर जन्माष्टमी का भब्य आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह ने भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की विधिवत पूजा अर्चना कर उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया। आयोजित हुए इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनसुख पटेल डॉ नीतू सिंह डॉ अखिलेश सिंह पंकज सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।




## जन्माष्टमी पर धार्मिक स्थलों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का नगर निगम ने किया आयोजन




**जागरण, सतना।** डॉ शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना के आदेशानुसार नोडल अधिकारी श्री सत्यम मिश्राएउपायुक्त नगर पालिक निगम सतना के निर्देशन में आज दिनांक 16 अगस्त 2025 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जगतदेव तालाब वेंकटेश मंदिर श्री बिहारी मंदिर बिहारी चौक श्री राधामाधव मंदिर इस्कॉन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में नगर पालिक निगम सतना के अधिकारी कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सामूहिक प्रयास से सभी स्थानों पर व्यापक साफसफाई की गई और उपस्थित लोगों ने स्वच्छता शपथ भी ली।




# मैहर में शान से लहराया तिरंगा

**जागरण सतना।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस मैहर जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। जिले में आन-बान-शान से तिरंगा लहराया गया। मैहर जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम के मैदान में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिले की कलेक्टर रानी बाटड ने ध्वजारोहण कर, परेड की सलामी ली। उन्होंने सफेद जिप्सी में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल एवं रक्षित निरीक्षक नृपेन्द्र सिंह के साथ परेड का निरीक्षण किया। समारोह में पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव टेलीकास्ट (सीधा प्रसारण) देखा व सुना गया। इस नई व्यवस्था की नागरिकों ने भरपूर सराहना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर रानी बाटड ने मुख्यमंत्री जी के संदेश प्रसारण के बाद नवगठित मैहर जिले की आगामी विकास परियोजनाओं और जिले की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बधाई संदेश का वाचन भी किया। समारोह में सशस्त्र बल की टुकडी ने तीन बार हर्ष फायर किये। समारोह में जिला पुलिस बल, एनसीसी, सीनियर एवं जूनियर स्काउट गाइड, शौर्या दल सहित 10 दलों ने पुलिस बल के बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रानी बाटड ने अनेकता में एकता के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को मुख्त आकाश में विचरण के लिए छोड़ा। समारोह में कलेक्टर रानी बाटड ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों, देहदानियों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1 हजार बच्चों ने सामूहिक पीटी का प्रदर्शन किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिनमें पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर, शसकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर, शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर, महाकाल विद्यालय, न्यू होराइजन, विवेकानंद विद्यालय मैहर एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर के छात्र-छात्रायें शामिल रहे। कलेक्टर ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।




### भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी है : प्रतिमा बागरी

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में शनिवार को केन्द्रीय जेल सतना में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके उपरांत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना तथा आरती की गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। धर्म की रक्षा और अधर्मियों का नाश करने स्वयं भगवान को श्रीकृष्ण स्वरूप में पृथ्वी पर आना पड़ा। उन्होंने संसार को पाप, अधर्म, अत्याचार से मुक्त कर धर्म की स्थापना की। राज्यमंत्री ने कहा कि नन्हे कान्हा से योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण बनने के लिए सामान्य मनुष्य की तरह जीवन की अनेक बाधाएं, संघर्ष, दुःख, कष्ट, अपमान तथा पीड़ाओं को सहन करना पड़ा। भगवान श्रीकृष्ण ने संसार को फल की इच्छा छोड़कर केवल अच्छे कर्म कर स्वयं पर विश्वास करने की शिक्षा दी।














































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com